


दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-304 | सीहोर, मंगलवार 28 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## महाराष्ट्र के सोलापुर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पहली मौत

### 101 एक्टिव मरीज, इनमें 19 बच्चे



पुणे (ए)। महाराष्ट्र के सोलापुर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस)से पहली मौत की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शख्स पुणे में काम करता था और अपने घर सोलापुर गया था। उसके गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का संदेह था।

महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 26 जनवरी तक जीबीएस के 101 एक्टिव मरीज हैं। इसमें पुणे से 81 मरीज, पिंपरी चिंचवाड़ से 14 और 6 मरीज अन्य जिलों से हैं। इनमें 68 पुरूष और 33 महिला मरीज हैं। पुणे में 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। पुणे में 9 जनवरी को अस्पताल में भर्ती मरीज जीबीएस पॉजिटिव आया था, ये पहला केस था। अब पुणे में एक्टिव केसों की संख्या 101 हो गई है। इनमें 19 मरीज 9 साल से कम उम्र के हैं। 50-80 साल की उम्र वाले 23 मरीज हैं।

#### सिंड्रोम की बड़ी वजह बैक्टीरिया

सिंड्रोम का पहला मरीज 9 जनवरी को मिला था। टेस्ट में पता चला कि उसके सैंपल्स में कैंपीलोबैक्टर जेजुनी बैक्टीरिया था। यह बैक्टीरिया दुनियाभर में जीबीएस के एक तिहाई केसों में पाया गया है। जीबीएस के बढ़ते मामलों के बीत रविवार को अधिकारियों ने पुणे में पानी का सैंपल लिया। यहां कैंपीलोबैक्टर जेजुनी बैक्टिरिया मिलने की जानकारी नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पुणे के मेन वाटर रिजरवॉयर खडक़वासला बांध के पास एक कुएं में बैक्टीरिया ई कोली का लेवल बहुत हाई है। ये साफ नहीं है कि कुएं का इस्तेमाल जारी है या नहीं। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि उबला हुआ पानी पिएं, ठंडा खाना खाने से बचें। गर्म भोजन ही करें। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अब तक 25,578 घरों का सर्वे किया जा चुका है। अमूमन महीने भर में जीबीएस के 2 मरीज ही सामने आते थे। अचानक ये नंबर बढ़ा है। घरों में सैंपल लिए जा रहे हैं।

### महाकुंभ : गृह मंत्री अमित शाह ने लगाई आस्था की डुबकी, सीएम योगी और संत रहे मौजूद

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज के महाकुंभ में गृहमंत्री अमित शाह ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी संगम में स्नान किया।योगी और संतों ने शाह पर जल डाला। यहां से शाह लेटे हनुमान मंदिर जाएंगे और दर्शन पूजन करेंगे, फिर संतों के साथ बैठक करेंगे और भोजन भी करेंगे। शाह करीब 5 घंटे तक महाकुंभ में रहेंगे। इसके पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सेल्फी पॉइंट अरैल घाट पहुंचे। वह कुछ ही देर संतों के साथ बैठे फिर पवित्र स्नान किया।अमित शाह के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केपी मौर्य और ब्रजेश पाठक और अन्य लोग मौजूद थे। अमित शाह के बेटे जय शाह परिवार के साथ पहुंचे हैं। सभी संगम में डुबकी लगाएंगे। अमित शाह संतों के साथ भोजन करेंगे।

### इतिहास में दर्ज हुआ उत्तराखंड का नाम, यूसीसी लागू करने वाला बना पहला राज्य

देहरादून , (आरएनएस)। उत्तराखंड ने आज एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आधिकारिक पोर्टल लॉन्च कर इस बात की घोषणा की। इसके साथ ही उत्तराखंड, भारत का पहला राज्य बन गया है जहाँ यूसीसी लागू हुआ है। 27 जनवरी को यूसीसी लागू करने की तारीख पहले से ही निर्धारित थी।



मुख्यमंत्री धामी ने पोर्टल लॉन्च के अवसर पर कहा, आज का दिन न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। इस ड्राफ्ट को बनाने में टीम ने अथक परिश्रम किया है। हमने जनता से किया हुआ वादा पूरा किया है। यूसीसी किसी भी धर्म के विरुद्ध नहीं है, बल्कि इससे राज्य में सभी धर्मों की महिलाओं को समान अधिकार मिलेंगे। यूसीसी से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और हलाला प्रथा, बहुविवाह और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून समाज में समानता लाएगा और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व सुनिश्चित करेगा। यूसीसी का उद्देश्य जाति, धर्म और लिंग के आधार पर व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित कानूनों में एकरूपता लाना है।

### सुप्रीम कोर्ट ने 28 भाजपा नेताओं पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने के खिलाफ झारखंड सरकार की याचिका खारिज की



रांची/नई दिल्ली ,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा सांसद संजय सेठ सहित 28 भाजपा नेताओं के खिलाफ झारखंड सचिवालय घेराव के मामले में दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट द्वारा निरस्त करने के आदेश को बरकरार रखा है।

शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली झारखंड सरकार की याचिका (एसएलपी) सोमवार को खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने इस एसएलपी की सुनवाई के दौरान, देश में विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से बार-बार दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 का इस्तेमाल किए जाने पर तल्ख टिप्पणी की।

कोर्ट ने कहा, 'एक सामान्य प्रवृत्ति बन गई है कि कोई विरोध प्रदर्शन हो रहा है, तो उसे रोकने के लिए सीआरपीसी की धारा 144 का आदेश जारी कर दिया जाता है। इससे गलत संदेश जाएगा। यदि कोई प्रदर्शन करना चाहता है तो धारा 144 लगाने की आवश्यकता क्या है? यह तो धारा 144 का दुरुपयोग है।'

### व्यापारी की पत्नी की हत्या कर 25 लाख रुपये लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में 24 जनवरी 2025 को हुई व्यापारी दिग्शन कन्नी के घर लूट और उनकी पत्नी कंचन देवी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी सन्नी चौधरी और उसके साथी रोहित कुमार को उत्तर प्रदेश के हाथरस से गिरफ्तार कर लिया गया है।व्यापारी दिग्शन कन्नी की पत्नी कंचन देवी घर पर अकेली थीं, जब सन्नी चौधरी ने अपने रिश्तेदार रोहित कुमार और बुआ के लड़के सुनील के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

## 44 संशोधनों पर चर्चा के बाद जेपीसी से मिली वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। संयुक्त संसदीय समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। बिल को अगस्त 2024 में 14 बदलावों के साथ संसद के पटल पर रखा गया था।

जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। 6 महीने तक विस्तृत चर्चा के बाद, हमने सभी सदस्यों से संशोधन मांगे। यह हमारी अंतिम बैठक थी इसलिए, बहुमत के आधार पर समिति द्वारा 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया है। विपक्ष ने भी संशोधन सुझाए थे। हमने उनमें से प्रत्येक संशोधन को आगे बढ़ाया और उस पर मतदान हुआ, लेकिन उनके (सुझाए गए संशोधनों) के समर्थन में 10 वोट पड़े और इसके



विरोध में 16 वोट पड़े और वो मंजूर नहीं किया गया।वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी को बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों के नियमतीकरण के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है।जेपीसी की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि बीजेपी दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है। पिछली बैठक में हंगामे के बाद कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा था, संसदीय परंपराओं का पालन नहीं किया जा रहा और यह विधेयक पूरी तरह से समय के खिलाफ है।

## सीहोर के नये कलेक्टर बने बालागुरु के.

### भारतीय प्रशासनिक सेवा के 42 अधिकारियों की नवीन पद स्थापना



भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में एक बार फिर बड़ी प्रशासनिक सर्जरी हुई है. राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार रात भारतीय प्रशासनिक सेवा (ह्रस) के अधिकारियों सहित कई जिलों के कलेक्टरों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं. कुल 42 ह्रस अधिकारियों का तबादला हुआ है. ताबदले की लिस्ट जारी होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है.राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में वरिष्ठ ह्रस अधिकारियों सहित 12 जिलों के कलेक्टर एवं कई जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है. कुल 42 आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है. सीएमओ (मुख्यमंत्री कार्यालय) के दो आईएएस अफसरों को भी हटाया गया है। भारत यादव सीएमओ में सचिव और नगरी प्रशासन विभाग के कमिश्नर थे. उन्हें एमपीआरडीसी में प्रबंध संचालक बनाया गया है. भारत यादव की जगह अब सिबी चक्रवर्ती एम. को ये जिम्मेदारी मिली है. एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया को बिजली कंपनी जबलपुर में नई तैनाती दी गई है।

#### बदले गए 12 जिला कलेक्टर, इन्हें मिली जिम्मेदारी

**बालागुरु के- सीहोर कलेक्टर**
नेहा मारव्या- डिंडोरी कलेक्टर
विवेक क्षेत्रीय- टीकमगढ़ कलेक्टर
सतीश कुमार एस- सतना कलेक्टर
किशोर कुमार कन्याल- गुना कलेक्टर
अरुण कुमार विश्वकर्मा- रायसेन कलेक्टर
ऋषभ गुप्ता- खंडवा कलेक्टर
भव्या मित्तल- खरगोन कलेक्टर
हर्ष सिंह- बुरहानपुर कलेक्टर
ऋतुराज- देवास कलेक्टर
अर्पित वर्मा- शिवपुरी कलेक्टर
गुंचा सनोवर- बड़वानी कलेक्टर

### भारी विरोध के बाद फिल्म 'छावा' से डांस सीन हटाया गया, मंत्री उदय सामंत ने जताया आभार

मुंबई (आरएनएस)। फिल्म 'छावा' में जिस डांस सीन पर आपत्ति जताकर मराठा समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था, अब उस सीन को हटा दिया गया है। मंत्री उदय सामंत ने इसकी जानकारी दी। मंत्री उदय सामंत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फिल्म के निर्माता और निर्देशक ने फिल्म से डांस वाले हिस्से को हटा दिया है।उन्होंने कहा कि अगर किसी ने मांग की थी और वह मान ली गई, तो फिर आपत्ति क्यों होनी चाहिए? इस कदम के लिए उन्होंने फिल्म के निर्माता और निर्देशक को धन्यवाद भी दिया। फिल्म में दिखाए गए डांस को लेकर आपत्ति जताई गई थी।बता दें कि फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज होगी। 'छावा' एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें विक्की कौशल लीड रोल में हैं। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे जबकि रश्मिका महारानी येसुबाई के रोल में दिखेंगी।

### आम आदमी पार्टी के नेता कोई काम नहीं करते, केवल बात और माल बनाते हैं : ललन सिंह

पटना (आरएनएस)। दिल्ली चुनाव को लेकर बिहार में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है और बयानबाजियों का दौर जारी है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कोई काम नहीं करते, केवल बात और माल बनाते हैं।पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी का खाता बंद होने वाला है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में इतने दिन से कोई काम नहीं किया। लोगों का वोट लेकर उनको कष्ट में रखा। पूर्वांचल के लोगों के रहने वाली कॉलोनी की हालत देख लीजिए, यहां पानी भरा हुआ है।

### आरटीओ का पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा सरेंडर करने पहुंचा कोर्ट,कोर्ट ने आज बुलाया



भोपाल (आरएनएस)। आरटीओ का पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा सोमवार दोपहर में अपने वकील के साथ सरेंडर करने कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने सौरभ शर्मा को मंगलवार को कोर्ट बुलाया है। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक सौरभ शर्मा दोपहर 12:30 बजे के करीब सरेंडर करने फर्स्ट एडीजे आरपी मिश्रा की कोर्ट में पहुंचा। यहां सौरभ के वकील ने सरेंडर के लिए आवेदन दिया। वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि सौरभ लोकायुक्त के आय से अधिक संपत्ति के एक प्रकरण में फरार चल रहा है। वह अंडर इंवेस्टिगेशन है।वकील ने कोर्ट को बताया कि केस से जुड़े तमाम डॉक्यूमेंट लोकायुक्त की टीम के पास है। तब कोर्ट ने प्रतिवेदन के साथ डायरी कॉल की है। मंगलवार की सुबह लोकायुक्त के अधिकारियों को डायरी के साथ कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। इसी के साथ सौरभ के वकील को भी मंगलवार की सुबह केस की सुनवाई के संबंध में दोबारा कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए गए हैं।




### हमारे तो नागा साधु ही काफी, मिलिट्री की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, धर्म संसद में बोले देवकीनंदन ठाकुर

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ में धर्म संसद का आयोजन किया गया। जहां कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी के 12 साल पुराने बयान पर टिप्पणी की है। इस धर्म संसद में कई साधु संत मौजूद रहे।

**सनातन धर्म संसद शुरू**

देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि वक्फ़ बोर्ड कहता है कि प्रयागराज की कुंभ भूमि हमारी है। किसी दिन वक्फ़ बोर्ड कह देगा कि पूरा भारत हमारा है तब कहां जाओगे। बांग्लादेश में हिन्दू बोर्ड नहीं, पाकिस्ताम में हिन्दू बोर्ड नहीं तो हिन्दुस्तान में वक्फ़ बोर्ड क्या कर रहा है। बहुत सह लिया, हिन्दू हक़ ले कर रहेंगे। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अगर देखना चाहते हो तो ये भी अरमान पूरा करके देख लो। हमारे तो नागा साधु ही काफी हैं, मिलिट्री की ज़रूरत ही नहीं पड़ेगी।

किसने बुलाई धर्म संसद?

साधु संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने यह धर्म संसद बुलाई है। ये धर्म संसद सेक्टर 17 में कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर के पंडाल में हो रही है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, पत्रकार विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति का हुआ गठन, दायित्व पत्र सौंपे

### श्री सिन्हा की स्मृति में 14 फरवरी को नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित होगा स्मृति समारोह



नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लेखक, कवि, मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी, स्व. विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति की बैठक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को उनके दायित्व पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर दैनिक क्षितिज किरण पत्र समूह के प्रधानसंपादक केके सक्सेना, निदेशक विलक्षण सक्सेना, दैनिक क्षितिज किरण की भोपाल ब्यूरोचीफ श्रीमती भावना सक्सेना, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सहित समिति के अनेक सदस्य मौजूद रहे।डॉ शर्मा की सहमति से जिन्हें दायित्व सौंपे गए उनमें संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू, शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, संयोजक मार्गदर्शक डॉ सीतासरन शर्मा, अध्यक्ष केके सक्सेना, उपाध्यक्ष बलराम शर्मा, अभय वर्मा, शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव, कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना, सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव, तुकाराम यादवेश, भानू प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना, संगठन सचिव भूपेंद्र चौकसे, नंद किशोर यादव, शरीफ राइन, संगठन सह सचिव श्याम राय, कमल चव्हाण, कार्यकारिणी सदस्यों में पीयूष शर्मा, महेंद्र यादव, कमलेश चौधरी, अजय निगम, सुनील गौर, सजेंद्र श्रीवास्तव, अमित पाराशर, श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती हिना अली, सुश्री खुशबू बूलचंदानी, रामू चौहान गजेंद्र राजपूत, प्रकाश शर्मा, को मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष केके सक्सेना ने भोपाल में आयोजित होते रहे समारोह के बारे में समिति के सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संयोजक मार्गदर्शक डॉ शर्मा के मार्गदर्शन में जल्द ही इस कार्यकारिणी के सदस्यों में से ही सम्मान समारोह चयन समिति गठित की जाएगी। चयन समिति के सदस्य 5 फरवरी तक सम्मानित होने वाली विभूतियों के नाम तय करके उनके परिचय प्राप्त करेंगे।कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना ने अवगत कराया कि भोपाल में आयोजित होने वाले समारोह की परंपरानुसार ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान, पत्रकारिता सम्मान, समाजसेवी सम्मान, साहित्यसेवी सम्मान, पत्र छायाकार सम्मान, कुशल प्रशासक सम्मान, विधि सेवी सम्मान, व संचार सेवी सम्मान के लिए चयन समिति के द्वारा नाम तय किए जाएंगे। उनका परिचय प्राप्त किया जाएगा। जिसे एक फोल्डर में प्रकाशित किया जाएगा। जिसका विमोचन समारोह में मौजूद अतिथियों के द्वारा किया जाएगा। बैठक के

समापन अवसर पर शास्त्री नित्य गोपाल कटारे द्वारा संस्कृत में मां नर्मदा की स्तुति प्रस्तुत की। बैठक का संचालन विलक्षण सक्सेना ने तथा आभार प्रदर्शन बलराम शर्मा ने किया।

K&K
राजधानी समाचार





# आप भी बन सकते हैं मुख्यमंत्री, विद्यार्थियों से किया संवाद : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में स्कूली बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के बाद इंदौर के शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित मध्यान्ह भोजन के विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूली बैग, पानी बॉटल आदि वितरित कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि एक शासकीय स्कूल में विज्ञान के प्रति कल्पनाशीलता के आधार पर जो हो सकता है, वह सभी इस स्कूल में देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिये कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में शैक्षणिक सुधार की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। जीवन में ज्यादा से ज्यादा सीखें और ज्ञान अर्जित करें। परमात्मा ने प्रकृति के माध्यम से कई सारे रहस्यों को हमारे बीच विद्यमान किया है। ज्ञान के बलबूते पर इन रहस्यों से सीख सकते हैं और वर्तमान में इसका सदुपयोग करके अपनी योग्यता साबित कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय का सदुपयोग करें। अपनी योग्यता साबित करें और उन्नति करें। उन्होंने कहा कि मैं भी सरकारी स्कूल से पढ़कर निकला हूं, हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी भी सरकारी स्कूल में पढ़े हैं। हम सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से सभी स्कूलों




में पाते हैं। जहां मैं खड़ा हूं वहां आप भी खड़े हो सकते हैं। यही लोकतंत्र की ताकत है। उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त करें। आप भी प्रदेश के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। आगे बढ़े, उन्नति करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, गौरव रणदिवे, स्थानीय पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित जिले के अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि तथा स्कूली बच्चे मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एस्ट्रोलॉजी लैब का किया निरीक्षण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किये गये एस्ट्रोलॉजी लैब का अवलोकन किया और बच्चों से सवाल-जवाब किये। उन्होंने इस लैब की सराहना की और बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना ने बताया कि यह एस्ट्रोलॉजी लैब वैज्ञानिक चेतना को समर्पित है। यहां भौतिक, वैज्ञानिक, भौगोलिक आदि सिद्धांतों पर आधारित मॉडल बनाये गये हैं, जो इनके नियमों और सिद्धांतों को परिभाषित करते हैं। ये मॉडल विज्ञान के नियमों और सिद्धांतों को सीखने और समझने में आसान बनाते हैं। यहां मॉडल के माध्यम से गुरूत्वाकर्षण, न्यूटन के नियम, अंतरिक्ष आदि को आसानी से समझा जा सकता है।

**सफाई मित्रों ने वेस्ट मटेरियल से बनें मुख्यमंत्री जी के छायाचित्र का पोट्रेट भेंट किया**

नगर निगम के सफाईमित्रों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वेस्ट मटेरियल से बनाया गया उनके छायाचित्र का पोट्रेट भेंट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वेस्ट मटेरियल से बनी अपनी सुंदर तस्वीर को देखकर सफाईकर्मियों की प्रशंसा की और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस पोट्रेट पर हस्ताक्षर कर इसे विद्यालय को ही भेंट कर दिया।

## महाकुंभ मेला 2025: बीना-सूबेदारगंज (प्रयागराज ) कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन (अनारक्षित)

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते हुए, श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीना-सूबेदारगंज (प्रयागराज ) कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन (अनारक्षित) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के बीना स्टेशन से प्रारंभ होगी। गाड़ी संख्या 01819 बीना-सूबेदारगंज (प्रयागराज ) कुम्भ मेला अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 28.01.2025 से 31.01.2025 (04 दिन), 02.02.2025 से 05.02.2025 (04 दिन), 11.02.2025 से 14.02.2025 (04 दिन), 25.02.2025 से 28.02.2025 (04 दिन) (कुल 16 ट्रिप) को शाम 17.50 बजे बीना से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 09.20 बजे सूबेदारगंज (प्रयागराज) पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01820 सूबेदारगंज (प्रयागराज )-बीना कुम्भ मेला अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 29.01.2025 से 01.02.2025 (04 दिन), 03.02.2025 से 06.02.2025 (04 दिन), 12.02.2025 से 15.02.2025 (04 दिन), 26.02.2025 से 01.03.2025 (04 दिन) (कुल 16 ट्रिप) को सुबह 09.50 बजे सूबेदारगंज (प्रयागराज ) से रवाना होगी और अगले दिन 03:00 बजे बीना स्टेशन पहुंचेगी।

ठहराव:

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में ललितपुर, टीकमगढ़, खरगापुर, महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर, खजुराहो, महोबा, खैरार जंक्शन, रगौल, भरवा सुमेरपुर, घाटमपुर, गोविंदपुरी, बिंदकी रोड, फतेहपुर, खागा, सिराथू, भरवारी स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच संरचना:

इस गाड़ी में 18 सामान्य श्रेणी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की जानकारी हेतु कृपया https://enquiry.indianrail.gov.in/mntes/अथवा https://www.irctc.co.in/nget/train-search पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

## राष्ट्रीय खेल में मध्यप्रदेश ने जीता पहला पदक, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों को दी बधाई




भोपाल (ए.)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल-2025 में मध्यप्रदेश की टीम ने ट्राइथलॉन मिश्रित रिले में रजत पदक जीतकर इतिहास रचने पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि ट्राइथलॉन जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में हमारी टीम ने अपनी लगन और सामूहिक प्रयास से यह उपलब्धि हासिल की है। यह इन खेलों में राज्य का पहला पदक है, जिससे प्रदेश में हर्ष और गर्व का माहौल है। यह पदक उनकी मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन का नतीजा है। हमें गर्व है कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में एक नया आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है।

**ट्राइथलॉन : दृढ़ता और समर्पण का खेल**

ट्राइथलॉन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक मजबूती का परिचय देते हुए 10 कि.मी. साइकिलिंग, 2.5 कि.मी. दौड़ और 250 मीटर तैराकी करनी होती है। मध्यप्रदेश की टीम ने इन तीनों चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शानदार तालमेल का प्रदर्शन किया।

**टीम की शानदार उपलब्धि**

मध्यप्रदेश की टीम में अंकुर चाहर, दुर्विशा पवार, रोशन गोंड और आध्या सिंह ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से दूसरा स्थान हासिल किया। सभी खिलाड़ी कोच मनोज झा के मार्गदर्शन में पिछले कई वर्षों से कठिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक महाराष्ट्र ने जीता, जबकि कांस्य पदक तमिलनाडु की टीम के हिस्से में गया। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश की खेल नीति और खिलाड़ियों के निरंतर प्रयास का प्रमाण है।

**खिलाड़ियों की मेहनत रंग लाई**

ट्राइथलॉन जैसी कठिन प्रतियोगिता में जीत हासिल करना खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और फिटनेस का प्रमाण है। तीनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टीम के सदस्यों ने शारीरिक और मानसिक मजबूती का परिचय दिया।

## पढ़ाई के साथ अब छात्रों की मानसिक सेहत का भी रखना होगा ध्यान

भोपाल,(आरएनएस)। विवि अनुदान आयोग ने नए विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए पहली बार कैंपस की जमीन से जुड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत कम से कम 20 एकड़ जमीन जरूरी होगी। साथ ही विश्वविद्यालयों को अब पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों की शारीरिक एवं मानसिक सेहत का भी ध्यान रखना होगा। हर छात्र के लिए कैंपस में कम से कम 30 वर्गमीटर जगह होनी चाहिए। संस्थानों को ओपन एरिया ऐसी होगी जहां हरियाली, घूमने-बैठने की जगह, योग केंद्र व जिम बन सके। महानगरों में दस में से तीन एकड़ पर हरियाली होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) में 2035 तक सकल नामांकन अनुपात 50 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को वर्ष 2040 तक मल्टीडिसिप्लनरी यानी बहुविषयक संस्थान में बदल दिया जाएगा। दूरदराज के क्षेत्रों में विद्यार्थियों को घर बैठे गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने के लिए 2035 तक ही जिले में कम से कम एक बहुविषयक संस्थान होगा।

## प्रयागराज में म.प्र. के एकात्म धाम मंडपम् में हुआ शास्त्रार्थ




### समाज का कल्याण शंकराचार्य के ज्ञान से ही हो सकता है : श्रृंगेरी शंकराचार्य

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, मध्यप्रदेश शासन के तत्वाधान में प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर-18 में लगें एकात्म धाम मंडपम् में दो दिवसीय शास्त्रार्थ सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में देश भर के 15 विद्वानों ने हिस्सा लिया। शास्त्रार्थ सभा की अध्यक्षता श्रृंगेरी शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती जी ने की। उन्होंने कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सभा को संबोधित किया व विद्वानों और शंकरदूतों को आर्शीवाद दिया। दुखों से बाहर आना ही मोक्ष है। मोक्ष की प्राप्ति के लिए वैदिक परंपरा का अनुसरण करना होगा। वैदिक परंपरा विश्व का आधार है और यही पूरे विश्व में व्याप्त दुखों को नष्ट कर सकती है। इस पर संकट का अर्थ है पूरे विश्व में संकट आना। आदि शंकराचार्य के उपदेशित मार्ग पर चलने से ही प्रत्येक व्यक्ति की भलाई हो सकती है। समाज का कल्याण आदि शंकराचार्य के ज्ञान से ही हो सकता है।

## भोपाल स्टेशन और निशातपुरा पर होंगे काम, रेल जोन ने दस हजार करोड़ का बजट मांगा

भोपाल, (आरएनएस)। पश्चिम मध्य रेल जोन को केंद्रीय बजट में करीब दस हजार करोड़ रुपए मिलने की संभावना है। जोन द्वारा भेजे गए प्रस्तावों मं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, यात्री सुविधाओं के उन्यन, तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने और अमृत स्टेशनों की परियोजनाओं के लिए यह बजट मांगा गया है। भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडलों के प्रस्तावों के आधार पर रेल मंत्रालय से यह मांग की गई है। जोन में प्रमुख परियोजनाओं में कटनी-बीना तीसरी लाइन, ललितपुर-सिंगरौली नई रेल लाइन, रीवा-सतना दोहरी लाइन ओर बीना-कटनी चौथी रेल लाइन शामिल है। बीना-इटारसी लाइन के लिए सर्वे पूरा हो चुका है और काम जल्द शुरु होने की संभावना है। ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम के विस्तार ओर कवच सुरक्षा प्रणाली की प्राथमिकता के लिए भी बजट मांगा गया है। भोपला मंडल के निशातपुरा स्टेशन पर नई एंट्री, प्लेटफार्म-सात निर्माण और 15 अमृत स्टेशनां पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए भी बजट की मांग की गई है। इन योजनाओं से नई ट्रेनें शुरु होने और औद्योगिक वस्तुओं के परिवहन में तेज आने की उम्मीद है।

## जेपी में डेंटल एक्सरे मशीन खराब, ट्रीटमेंट बंद

भोपाल,(आरएनएस)। जेपी अस्पताल में बीते एक माह से रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) बंद है। इसकी वजह डेंटल एक्सरे मशीन का खराब होना है। ऐसे में रोजाना दंत रोग ओपीडी में आने वाले आरसीटी, इंफेक्शन, पल्पाइटिस समेत अन्य रोगों के 25 से 30 मरीजों को एम्स व हमीदिया में रेफर किया जा रहा है। इन सभी रोगों में बेहतर उपचार के लिए एक्सरे मशीन जरूरी होता है। डेंटल एक्सरे से लेकर दंत रोग का सभी इलाज जेपी अस्पताल में मुफ्त में होता है। वहीं निजी सेंटर पर इस एक्सरे के लिए 300 से 600 रुपए तक शुल्क देना पड़ता है। वहीं जिन मरीजों को हमीदिया व एम्स रेफर किया गया है। उन्हें पहले से ओवर लोडेड अस्पतालों में लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है।

## 07089/07090 मौला अली-गया-मौला अली कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07089/07090 मौला अली-गया-मौला अली कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 07089 मौला अली-गया कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07089 मौला अली-गया कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 15 फरवरी 2025 (शनिवार) को मौला अली स्टेशन से शाम 17.50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 08.50 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 09.00 बजे गया



स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 07090 गया-मौला अली कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07090 गया-मौला अली कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 17 फरवरी 2025 (सोमवार) को शाम 19.45 बजे गया स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन 15.40 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 07.30 बजे मौला अली स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट:**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में भोंगीर, जंगांव, काजीपेट जंक्शन, जामिकुंटा, पेद्दापल्ली, रामागुंडम, बेलमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जंक्शन, बैतूल, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना:**

इस विशेष ट्रेन में 3 सामान्य श्रेणी, 9 शयनयान श्रेणी एवं 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या ह्ज्ञश्वस् ऐप डाउनलोड करें।

## 11वीं की छात्रा ने जहरीली चुहामार दवा खाकर की आत्महत्या



भोपाल (ए)। सुखी सेवनिया थाना इलाके में एक नाबालिग किशोरी ने जहरीला पर्दाथ खाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल आत्महत्या का कारण सामने नहीं आ सका है, जिसकी जॉच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चोपडा कला में परिवार सहित रहने वाले संजीव सिसोदिया पेशे से खेती-किसानी का काम करते हैं। उनकी 15 साल की बेटी कीर्ति सिसोदिया ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा थी। 25 जनवरी की शाम को किशोरी की तबीयत अचानक उल्टियां होने लगी और उसकी तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। परिवार वाले उसे फौरन ही इलाज के लिये पीपुल्स अस्पताल लेकर पहुंचे। वहॉ डॉक्टरो ने परिजनो को बताया की उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। बाद में सामने आया की छात्रा ने अपने घर में रखी चूहा मार दवा खा ली थी। इलाज के दौरान उसकी हालत लगातार गंभीर होती गई आखिरकार एक दिन चले इलाज के बाद रविवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जॉच टीम का कहना है, फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं महिला है, और परिजनो के शोकाकुल होने के कारण उनके बयान दर्ज नहीं किये जा सके हैं। उनके बयानो के बाद ही आत्महत्या का कारण साफ हो सकेगा।

## ग्वालियर चंबल के 50 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता पर संशय

भोपाल(आरएनएस)। ग्वालियर-चंबल के करीब 50 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता का मामला उलझ गया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन कॉलेजों की सीबीआई जांच नहीं हुई, उन्हें कोई राहत नहीं दी जा सकती। हालांकि, याचिकाकर्ता कॉलेजों की सर्वोच्च न्यायालय से स्पष्टीकरण लाने की स्वतंत्रता दी गई है। हाईकोर्ट ने कहा कि वे उन्हीं कॉलेजों के मामले में विचार कर रहे हैं, जो सीबीआई जांच से गुजरे हैं। यह ऐसा कोई निर्देश देने के पक्ष में नहीं हैं, जिससे बिना सीबीआई जांच के कॉलेजों की मान्यता मिल सके। कॉलेजों ने कोर्ट में बताया कि उनकी जांच निरीक्षण डीएमई द्वारा बनाई कमेटी द्वारा की जा चुकी हैं। लेकिन कोर्ट ने कमेटी की रिपोर्ट को स्वीकार करने से इंकार कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को प्रस्ताव दिया था कि यदि वे कॉलेजों का सीबीआई निरीक्षण करवाने को तैयार है, तो सीबीआई की रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय निर्णय ले सकता है। याचिकाकर्ताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया, जिसक बाद रिपोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय का रुख करने को स्वतंत्रता दी है, ताकि वहां लंबित प्रकरण में स्पष्टीकरण प्राप्त किया जा सके।

## पमरे महाप्रबन्धक ने रेलवे स्टेडियम प्रांगण में किया ध्वजारोहण

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेल में उल्लासपूर्वक 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित किया गया जहाँ महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल, सेंट जॉन एम्बुलेंस, स्काउट्स एवं गाइड्स की टीमों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और साथ ही बड़ी संख्या में रेलवे के स्कूली बच्चों द्वारा देश भावनां से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर समारोह में अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता नितिन चौधरी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं तथा विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, रेल अधिकारीगण, रेल सुरक्षा बल के जवान एवं कर्मचारीगण, बड़ी संख्या में बच्चे और परिजन उपस्थित रहे। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने अपने संदेश वाचन में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के सभी रेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने सन्देश में बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्ष 2024 में पश्चिम मध्य रेल की लगभग 4880 करोड़ लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। पश्चिम मध्य रेल को वर्ष 2023-24 के लिए ''अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार'' समारोह में माननीय रेलमंत्री जी द्वारा लेखा एवं वित्त प्रबंधन शील्ड एवं कार्मिक प्रबंधन शील्ड प्राप्त हुई है। इस वित्तीय वर्ष में दिसंबर 2024 तक हमारा परिचालन अनुपात 72 प्रतिशत रहा है। वर्ष 2024 में पश्चिम मध्य रेल ने गतवर्ष की तुलना में संविभाजित यात्री आय, माल यातायात आय एवं प्रारंभिक यात्री आय में वृद्धि दर्ज की है। अधोसंरचना



### रेल सुरक्षा बल की आकर्षक परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को किया मंत्रमुग्ध

के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2024 में कुल 183 किमी. नई रेल लाइन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण के कार्य संपन्न किये हैं। कोटा मण्डल में ''कवच'' प्रणाली का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। ''अमृत स्टेशन योजना'' के तहत, पश्चिम मध्य रेल के कुल 53 रेलवे स्टेशनों का उन्नयन किये जा रहे है। ''एक स्टेशन एक उत्पाद'' ऑउटलेट के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के सभी चिन्हित स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित कर दिए गए है। ''प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र योजना'' के अंतर्गत मदनमहल, कटनी, बीना एवं सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशनों पर जनऔषधि केन्द्र संचालित किये जा रहे है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2024 के दौरान पश्चिम मध्य रेल पर 1073 किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित किये गये हैं। पश्चिम मध्य रेल के रेल सुरक्षा बल द्वारा वर्ष 2024 के दौरान महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए ''मेरी सहेली'' अभियान के अंतर्गत तीनों मंडलों में 19 महिला टीमों द्वारा लगभग 47 हजार महिला यात्रियों की सहयता की है। चिकित्सा विभाग द्वारा 10 लाख से अधिक बाह्य रोगियों (ओपीडी) तथा 32 हजार से अधिक भर्ती रोगियों (आईपीडी) का उपचार किया गया है। पश्चिम मध्य रेल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने इंटर रेलवे तथा नेशनल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वेटलिफ्टंग, बैडमिंटन एवं कुश्ती आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में 13 स्वर्ण, 06 रजत एवं 08 कांस्य पदक प्राप्त कर पश्चिम मध्य रेल को गौरवान्वित किया है। उन्होंने प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, मान्यता प्राप्त यूनियन एवं विभिन्न एसोसिएशनों को उनके सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। भारतीय रेलवे में रेल सुरक्षा बल के समन्वय से अपराधों पर नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने में प्रतिबद्ध रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरपीएफ क्विक रेस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) व्हीकल का महाप्रबंधक द्वारा शुभारंभ किया गया। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा जागृति (बालगृह) में भी ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय जी द्वारा केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में मरीजों को स्वास्थ लाभ एवं गणतंत्र दिवस पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की गई। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के प्रांगण में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन अजय कुमार दीक्षित, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित कार्मिक विभाग के रेल अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

## विवाद के दौरान आरोपी ने युवती की टी-शर्ट खींचकर उतार दी

भोपाल (ए.)। बागमुगालिया में पड़ोसी से विवाद होने पर एक आरोपी ने युवती के साथ अशलील छेड़छाड़ कर डाली। इतना ही नहीं पीड़िता का आरोप की युवक ने उसकी टी शर्ट को खींचक उतार दिया। थाना पुलिस के अनुसार बाग मुगालिया में परिवार सहित रहने वाली 24 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वह घरेलू सहायक के रूप में काम करती थी। उसके पड़ोस में ही कान्हा संकट नाम का युवक रहता है। सड़क पर पानी बहाने की बात को लेकर पीड़िता युवती के परिवार का अक्सर कान्हा के परिवार वालो से विवाद होता रहता था। रविवार को भी इसी बात को लेकर दोनों के परिवारों के बीच एक बार फिर दोनों परिवारों की महिलाओं के बीच कहासूनी हो गई। बहस बढ़ने पर दोनों परिवार के पुरुष भी बीच में आकर विवाद करने लगे जिसके बाद बात झूमाझटकी तक पहुंच गई। पीड़िता का आरोप है, कि झूमाझटकी के दौरान कान्हा ने उसके साथ अश्लील हरकत की और उसकी टी शर्ट को खींचकर उतार दिया। बाद में दोनों पक्ष थाने जा पहुंचे जहॉ पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया।

## विविध-समाचार

### जिला प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

उमरिया (ए.)। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के नाम भेजे गये संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात संयुक्त परेड का निरीक्षण किया गया एवं परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। परेड निरीक्षण मे कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एवं परेड कमाण्डर अमित विश्वकर्मा, टूआईसी शरद श्रीवास्ताव ने साथ दिया। इस अवसर पर विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता, उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व पीके वर्मा, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, कलेक्टर की पत्नी सीमा जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम रीता डेहरिया , डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, दीपक छत्तवानी, पंकज तिवारी, विष्णु भारती, सुजीत भदौरिया सहित जिला प्रमुख अधिकारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा उपलब्धियों पर प्रदर्शनी निकाली गई। परेड में विभिन्न टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील मिश्रा एवं स्कूली बच्चों के व्दारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने खुशहाली एवं शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े।

### हत्यारा शेखर अजय शर्मा थाना अनपुर्णा पुलिस की गिरफ्त में, पंडित परिवार की बच्चे की मौत का मामला

इंदौर (आरएनएस)। दो दिन पूर्व इन्नोवा कार से पंडित परिवार को टक्कर मारने के बाद आरोपी शेखर अजय शर्मा को थाना अनपुर्णा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस दुर्घटना में घायल पंडित परिवार के बच्चे पंडित चिराग़ शर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। जब पंडित परिवार के परिजनों ने थाने में आरोपी से नाम और पता पूछा, तो आरोपी ने थाने में ही अपने रौब का प्रदर्शन करते हुए कहा, चलो चलो अपना काम करो, निकलो यहाँ से। इस घटना ने आरोपी के आक्रामक व्यवहार को उजागर किया। पुलिस अब मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### कांग्रेस और नेहरू परिवार पर बरसे मंत्री विजयवर्गीय, बोले- संविधान को हमेशा पॉकेट में रखा, इस नौटंकी का जनता पर कोई असर नहीं होगा

धार (आरएनएस)। नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महू में 'जय बापू जय भीम जय संविधान' सभा को लेकर कांग्रेस और नेहरू परिवार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि नेहरू खानदान ने हमेशा संविधान को पॉकेट में रखा है. हमने सिर पर रखकर सम्मान दिया है, इसलिए कांग्रेस की नौटंकी का जनता पर कोई असर नहीं होगा. लोग बीजेपी के साथ है, बीजेपी के साथ ही रहेंगे. दरअसल, धार में ध्वजारोहण के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने कहा कि इतिहास उठाकर देख लीजिए तो सबसे ज्यादा बाबा साहेब का अपमान किसी ने किया है तो पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया है. वह चुनाव लड़े, हराने के लिए उन्होंने उसे जमाने में 20 से 22 सभाएं की. उस चुनाव का परिणाम देख लीजिए. आज भी रिकॉर्ड में उपलब्ध है कि 74000 वोट निरस्त हुए. यह पहला चुनाव था किसी भी लोकसभा में मुंबई में इतने वोट निरस्त नहीं हुए. यह निरस्त कराए गए हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने चुनाव आयोग को शिकायत की. चुनाव आयोग नेहरू जी के इतने प्रेशर में था कि उन्होंने उनकी याचिका निरस्त कर दी. उनको पार्लियामेंट में जाने से रोका. उनको संविधान सभा में जाने से रोका. जब धारा 370 लगी तो बाबा साहेब ने पत्र लिखा कि आप संविधान की आत्मा की हत्या कर रहे हैं. धारा 370 नहीं लगना चाहिए. तब भी नेहरू जी ने उनकी बात को नहीं माना।

# अच्छा काम करने वालों को प्रशस्ति पत्र और निराकरण के प्रति उदासीन अधिकारियों को मिलेंगे नोटिस

## अंतर विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

ग्वालियर (ए.)। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अच्छा काम कर रहे अधिकारियों को शाबाशी दी वहीं जिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के प्रति उदासीनता बरती है, उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । श्रीमती चौहान ने अंतर विभागीय समन्वय बैठक में जनपद पंचायत घाटीगाँव के सीईओ राजीव समाधिया को प्रशस्ति पत्र देने और सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के प्रति उदासीन एसडीओ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डबरा, ग्राम पंचायत करियावटी के सचिव व जीआरएस एवं समग्र आईडी प्रभारी डबरा के खिलाफ कार्रवाई के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट के सभागार में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान शिकायतों के निराकरण की स्थित संतोष जनक न पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं जीआर मेडीकल कॉलेज के डीन को डीओ लेटर लिखने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को अभियान बतौर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करनेके लिए ताकीद किया। उन्होंने कहा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की निराकरण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत



सीईओ विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार, कुमार सत्यम व टी एन सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिले के एसडीएम शामिल हुए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन तेजी कराएं। उन्होंने माफी औकाफ के पूजा घरों से जुड़ी जमीन का सत्यापन कर सुरक्षित कर उसे सुरक्षित करने के निर्देश भी बैठक में दिए। बैठक में सरकार की प्राथमिकता वाले अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

**चारागाह की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराएँ**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मुरार डबरा व भितरवार तहसील में गौशालाओं की चारागाह की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने पर विशेष जोर दिया । उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ-साथ वहां पर चारागाह विकसित करने की कार्य योजना अगली बैठक से पहले प्रस्तुत करें ।उन्होंने कहा गोवंश का संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में है इसलिए इस काम में कोई ढिलाई हो।

### लोकरंगो एवं देश भक्ति के रंगों से सराबोर हुआ मेला प्रांगण

ग्वालियर (ए.)। गणतंत्र दिवस की सांध्य बेला में आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम ने लोकतंत्र के उत्सव को और भी भव्य बना दिया। मेला प्रांगण लोकधारा और देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो गया। इस अद्भुत अवसर पर देश की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में करेली नरसिंहपुर से आए लोक कलाकारों ने बघेली लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी, जो तेज रिदम और परंपरागत भावनाओं से ओतप्रोत थीं। उनकी नृत्य शैली ने दर्शकों को अपनी जड़ों से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। वहीं, ग्वालियर की अंतरराष्ट्रीय स्तर की कलाकार सुश्री वाणी पाठक और उनके साथियों ने कथक नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसने समां बांध दिया। कथक के शानदार अंगों और गति ने सांस्कृतिक विविधता की छटा बिखेरी।

### रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 28 जनवरी को

**एक दर्जन से अधिक कंपनियाँ आ रही हैं भर्ती करने**

ग्वालियर (ए.)। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के अंतर्गत 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जिला रोजगार कार्यालय रेडीमेड गारमेंट पार्क, गदाईपुरा में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला (युवा संगम) का आयोजन होगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 13 कंपनियाँ भर्ती करने आ रही हैं। उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजगार मेले में न्यू मैक्स स्किल एण्ड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (अलवर) राजस्थान, अडानी ग्रीन एनर्जी खावड़ा भुज, एमआरएफ लिमिटेड वागरा जिला भरूच, अरविंद लिमिटेड गांधी नगर गुजरात, आई सेक्ट इंदौर, प्रज्ञानी बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड इंदौर, जमुना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर, एसआरएफ प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर, गरूण 24X7 सिक्योरिटी सर्विसेज ग्वालियर, पेटीएम प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर, स्टार हैल्थ इंश्योरेंस ग्वालियर, जेबी मंघाराम फूड प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर एवं अग्निस्टोका टेक्नोलॉजी ग्वालियर द्वारा विभिन्न पदों पर 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की भर्ती की जायेगी।

### 99 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर ने जनसम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी को देखा



**श्री नागर ने की राज्य सरकार के कार्यों की सराहना**

उज्जैन (ए.) । गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा उज्जैन के महाकवि कालिदास संस्कृत अकादमी में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन 99 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रेमनारायण नागर द्वारा किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर को राज्य सरकार द्वारा जननायकों के नाम पर विश्वविद्यालयों के शुभारंभ की योजना की जानकारी दी गई। स्वंतत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को उचित सम्मान देने की सराहना की। उन्होंने सभी से देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ जीवनपर्यंत राष्ट्र सेवा करने को कहा। उल्लेखनीय है कि लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्य सरकार की योजनाओं पर केन्द्रित चित्र प्रदर्शनी लगायी जाती है।

### जांच अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश

ग्वालियर (आरएनएस)। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मुरैना के नूराबाद में युवक की गला दबाकर हत्या के मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जांच अधिकारी ओमप्रकाश रावत (आइओ) के आचरण पर गंभीर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, जांच अधिकारी ने ईमानदारी से जांच नहीं की। उनके आचरण से पता चलता है कि यह ईमानदार अधिकारी के रूप में कर्तव्यों का पालन करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## नहीं बदलेगी परंपरा, काल भैरव को चढ़ती रहेगी मदिरा



उज्जैन(आरएनएस)। प्रदेश के धार्मिक स्थ्लों पर शराबबंदी के फैसले का असर काल भैरव मंदिर पर नहीं पड़ेगा। बाबा काल भैरव को प्रसाद के रूप में मदिरा चढ़ती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि मंदिर में प्रसाद के रूप में मदिरा चढ़ाई जाती रहेगी। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। ऐसे में भक्त यहां काल भैरव को मदिरा का प्रसाद चढ़ा सकेंगे। मालूम हो कि प्रदेश में उज्जैन सहित 19 नगरों और गांवों में शराबबंदी पर कैबिनेट की मुहर लग चुकी है। सरकार के इस फैसले के बाद उज्जैन के काल भैरव मंदिर में प्रसाद के रूप में चढने वाली मदिरा को लेकर सवाल उठने लगे थे। अब सीएम के बयान के बाद सारी स्थिति स्पष्ट हो गई है। मंदिर के पुजारी भक्तों द्वारा दी गई मदिरा को एक पात्र में रखकर काल भैरव के मुख पर रखते हैं। उज्जैन में शराबबंदी के फैसले के बाद अब संतों, पुजारियों और प्रबुद्धजनों ने धर्मधानी को पवित्र नगरी बनाने मांस बिक्री पर भी पूरी तरह रोक लगाने की मांग सीएम से की है।

## संविधान कराता है गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा और साख बढ़ रही है। उन्होंने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और सभी सेनानियों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज संविधान निर्माताओं के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। हमारा संविधान गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध भी कराता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक वर्ष में प्रदेश के चहुँमुखी विकास के साथ प्रदेश की जनता के हित में जन-सहयोग से जो कार्य हुए हैं, उनसे मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के लगभग साढ़े आठ करोड़ नागरिकों को जाता है, जो इस पहचान के शिल्पकार रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशानुरूप विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश की हमारी यात्रा निरंतर चल रही है।संविधान दिवस के माध्यम से हमारा राष्ट्र संविधान की महिमा को एक उत्सव के रूप में मनाता है। 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्सव, उमंग और देशभक्ति के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोश और जुनून के साथ उत्साह भरे वातावरण में इंदौर के नेहरू स्टेडियम में झण्डावंदन किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इस मौके पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियां भी निकाली। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत अभूतपूर्व उत्साह का माहौल था। समारोह में 19 प्लाटूनों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रध्वज फहराने के बाद खुली जीप से सम्पूर्ण परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय भी प्राप्त किया। परेड के दौरान सशस्त्र दलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। खुला आसमान तिरंगे के तीन रंगों से सराबोर हो गया। समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आईपीएस श्री आदित्य सिंघारिया ने किया। बीएसएफ के बैंड ने देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत राष्ट्रीय धुनों से सम्पूर्ण वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।

## व्यापार समाचार

### ईएसआईसी से नवंबर में जुड़े 16.07 लाख कर्मचारी

नई दिल्ली , (आरएनएस)। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के शुक्रवार को जारी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल नवंबर में 16.07 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं, जिनमें से 47 प्रतिशत से अधिक 25 वर्ष की आयु तक के युवा कर्मचारी हैं, जो दिखाता है कि देश में नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं और आर्थिक विकास हो रहा है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि नवंबर 2024 के महीने में 20,212 नई संस्थाओं को ईएसआई योजना के दायरे में लाया गया है। इससे अधिक वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

सालाना आधार पर विश्लेषण से पता चलता है कि शुद्ध पंजीकरण में नवंबर 2023 के मुकाबले 0.97 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।बयान में आगे कहा गया कि नवंबर के दौरान जोड़े गए कुल 16.07 लाख कर्मचारियों में से 7.57 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 47.11 प्रतिशत है, 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं।पेरोल डेटा के लिंग आधारित विश्लेषण से पता चलता है कि नवंबर में ईएसआईसी में महिलाओं का शुद्ध पंजीकरण 3.28 लाख था। इस दौरान 44 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों का भी पंजीकरण हुआ है।ईएसआईसी के आंकड़े इस सप्ताह जारी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़ों से मेल खाते हैं, जिसमें नवंबर 2024 में 14.63 लाख सदस्यों की शुद्ध वृद्धि देखी गई है, जो अक्टूबर के इसी आंकड़े की तुलना में 9.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ईपीएफओ के पेरोल डेटा से पता चलता है कि नवंबर में 18-25 आयु वर्ग के लोगों की संख्या में 5.86 लाख की वृद्धि हुई है, जो पिछले महीने अक्टूबर की तुलना में 7.96 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सालाना आधार पर नवंबर 2023 की तुलना में शुद्ध सदस्य वृद्धि में 4.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

## अब बिना इंश्योरेंस गाड़ी चलाना पड़ेगा महंगा, पेट्रोल-डीजल भी नहीं मिलेगा



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। अब बिना वैध थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के गाड़ी चलाना और भी मुश्किल होने वाला है। नए नियमों के अनुसार, अब वाहनों को पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए भी वैध इंश्योरेंस दिखाना अनिवार्य होगा। यही नहीं, FASTag के लिए भी इंश्योरेंस के दस्तावेज दिखाने होंगे। इसका मतलब है कि अब FASTag को भी थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी से लिंक कराना होगा। बिना इंश्योरेंस प्रूफ के न तो फ्यूल मिलेगा और न ही अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया जा सकेगा। अगर कोई बिना इंश्योरेंस के गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे भारी जुर्माना भी भरना पड़ सकता है।

सरकार ने फ्यूल खरीदने, FASTag और पॉल्यूशन एवं लाइसेंस सर्टिफिकेट लेने के लिए वाहनों के इंश्योरेंस का प्रमाण दिखाना अनिवार्य कर दिया है।

**थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस की अनिवार्यता**

भारत में सभी वाहनों के लिए थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस अनिवार्य है, जिसमें दोपहिया और चार पहिया वाहन शामिल हैं। चाहे आपके पास कार हो या बाइक-स्कूटर, इसका इंश्योरेंस होना जरूरी है। अब भारत की सड़कों पर थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के बिना वाहन चलाना गैरकानूनी है और इसके लिए जुर्माना भी लग सकता है। थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस आपके वाहन से किसी तीसरे पक्ष को होने वाले नुकसान से बचाता है। यदि आप किसी दुर्घटना में शामिल हैं, तो आपका थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस तीसरे पक्ष को हुए नुकसान को कवर कर सकता है।

मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार, सड़क पर चलने वाले सभी वाहनों के पास थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस कवरेज होना चाहिए। सरकार ने नया इंश्योरेंस खरीदते समय FASTag को वैध थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी से जोड़ना भी अनिवार्य कर दिया है। अब पेट्रोल पंपों पर वाहनों में फ्यूल भरने से पहले इंश्योरेंस प्रूफ देखा जाएगा और अक्सर FASTag सिस्टम के जरिए ही यह जांच की जाएगी। इसलिए FASTag में भी इंश्योरेंस को जोड़ना आवश्यक है।

### रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ ही 86.27 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में नरमी के बीच रुपया आज सुब शुरुआती कारोबार में 22 पैसे की गिरावट के साथ 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुक्रवार को भारतीय रुपये में बढ़त दर्ज की गई थी, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क संबंधी फैसले पर अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को यह गिरावट के साथ खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.35 पर खुला और फिर फिसलकर 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट दिखाता है। वहीं रुपया शुक्रवार को 22 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.22 पर बंद हुआ था।

### किसानों के लिए खुशखबरीः केंद्र सरकार का खेत से उपभोक्ता तक मॉडल

**- 40 रुपये किलो वाला गेहूं अब 30-35 में मिलेगा!**

नई दिल्ली (ए)। देश के करोड़ों किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। केंद्र सरकार एक नए मॉडल पर काम कर रही है, जिससे कृषि उत्पादों की खरीदी-बिक्री में बिचौलियों की भूमिका कम होगी तो अनाज की कीमतों पर इसका असर देखने को मिल सकता है, इसलिए हो सकता है कि जो गेहूं बाजार में 40 रुपये किलो मिल रहा है वह 35 रुपये किलोग्राम तक ग्राहकों को मिल जाए। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मॉडल के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाएगा। इस मॉडल के तहत भारतीय किसान अपनी उपज को सीधे उपभोक्ताओं तक बेच सकेंगे, जिससे अनाज की कीमतों में स्थिरता आ सकती है। इसके अलावा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद, प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों को प्रोत्साहित करने और कृषि विज्ञान केंद्रों को मजबूत करने का काम भी जारी रखा है। चौहान ने कहा कि किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनके बिना देश समृद्ध नहीं हो सकता। इसीलिए सरकार ने किसानों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कृषि क्षेत्र और किसानों का योगदान अहम है, और ऐसे कदम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

### इंडिगो का मुनाफा तीसरी तिमाही में 18.6 प्रतिशत गिरकर 2,448.8 करोड़ रुपये रहा




मुंबई (आरएनएस) इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी ने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 18.6 प्रतिशत गिरकर 2,448.8 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 2,998.1 करोड़ रुपये था। कंपनी का मुनाफा गिरने की वजह खर्च का बढ़ना है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का खर्च 20,466 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की समान तिमाही में 17,064 करोड़ रुपये था।वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का मार्जिन 430 आधार अंक गिरकर 11.1 प्रतिशत रह गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 15.4 प्रतिशत कम था।कंपनी की ऑपरेशनंस से आय 13.7 प्रतिशत बढ़कर 22,110.7 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 19,452.1 करोड़ रुपये थी। कंपनी की आय तिमाही आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ी है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कंपनी की आय 16,970 करोड़ रुपये थी।वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 986 करोड़ रुपये का भारी शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि (वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही) में 188 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।इंडिगो का ईबीआईटीडीएआर 10.7 प्रतिशत बढ़कर तीसरी तिमाही में 6,059 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,475 करोड़ रुपये था।

## केंद्र ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल पर कसी नकेल, दूरसंचार कंपनियों ने लिया ये बड़ा एक्शन

नई दिल्ली , (आरएनएस)। सरकार ने बताया है कि भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली ने ऐसी कॉलों को प्रतिदिन लगभग 4 लाख तक कम कर दिया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतीय दूरसंचार कंपनियों से उन विदेशी वाहकों या एग्रीगेटरों के खिलाफ अभियान शुरू करने को कहा, जो फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सौंप रहे हैं, और उन्होंने अब तक 20 से अधिक ऐसे वाहकों को ब्लॉक कर दिया है।दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने हाल ही में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल रोकथाम प्रणाली शुरू की है। यह उपकरण एक मजबूत अवरोधक साबित हुआ, जिसने आने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय कॉलों में से 90 प्रतिशत को ब्लॉक कर दिया, जिन्हें स्पूफ कॉल के रूप में पहचाना गया था। भारतीय नागरिकों को धोखा देने और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिए धोखेबाज भारतीय मोबाइल नंबर (+91-xxxxx) प्रदर्शित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्पूफ कॉल का उपयोग कर रहे थे।हालांकि ये कॉल भारत के भीतर से उत्पन्न होती हैं, लेकिन वे कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) के हेरफेर के माध्यम से विदेश से की जाती हैं, जिसे आमतौर पर फ़ोन नंबर के रूप में जाना जाता है। सिस्टम के सफल कार्यान्वयन के साथ, विदेश में रहने वाले धोखेबाजों ने अपने काम करने के तरीके को बदल दिया और अब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नंबरों का उपयोग करके स्पूफिंग शुरू कर दी है। इसका मुकाबला करने के लिए, दूरसंचार मंत्रालय ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से भारत के बाहर से आने वाली सभी कॉलों पर अंतर्राष्ट्रीय कॉल प्रदर्शित करने के लिए कहा है। इससे नागरिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि चूंकि आने वाली कॉल एक अंतरराष्ट्रीय कॉल है, इसलिए यह दूरसंचार मंत्रालय, ट्राई, पुलिस, आरबीआई, सीमा शुल्क आदि जैसे संगठनों से नहीं हो सकती है। संचार मंत्रालय के अनुसार, प्रमुख सेवा प्रदाताओं में से एक ने अपने नेटवर्क में इसे पहले ही लागू कर दिया है और अन्य ऐसा करने की प्रक्रिया में हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## 90 घंटे काम करने की अपेक्षा

कभी -कभी किसी विशिष्ट व्यक्ति के मुंह से कुछ इस तरह के बयान निकल कर बाहर आ जाते हैं जिनके बारे में तय करना मुश्किल हो जाता है कि इन्हें गंभीर मान कर इन पर समुचित ध्यान दिया जाए या हास्यास्पद मान कर दरकिनार कर दिया जाए।

पिछले दिनों लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के चेयरमैन एस. एन. सुब्रमण्यम ने जो बात कही उस पर पूरे देश में प्रतिक्रिया हुई। उन्होंने अपने कर्मचारियों की बैठक में कहा कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे और रविवार को भी काम करना चाहिए। अपनी पत्नियों का मुंह निहारने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। इससे पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति भी कर्मचारियों से सप्ताह में 70 घंटे काम करने का आह्वान कर चुके हैं।

अगर इन टिप्पणियों को सचमुच गंभीरता से लिया जाए तो ये बहुत क्रूरता, नासमझी और असंवेदनशीलता से भरी हुई टिप्पणियां हैं। इनका निहित भाव यह है कि कर्मचारी न अपने परिवार पर ध्यान दें, न दोस्तों, मित्रों और रिश्तेदारों से संपर्क रखें और अपने सामाजिक जीवन को त्याग दें। भारत जैसे देश में जहां शिक्षित बेरोजगारों की दर बहुत ज्यादा है, और जिन्हें रोजगार मिला भी हुआ है, उन्हें भी अपने श्रम के अनुकूल वेतन नहीं मिलता।

एक आंकड़े के अनुसार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगाररत लोगों में से 67 फीसद ऐसे हैं जो कार्य संबंधी कारणों से तनावग्रस्त रहते हैं जिससे उनके परिवारों में भी तनावग्रस्त वातावरण बन जाता है। तिस पर कार्यस्थलों का वातावरण उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और समझदारी भरा न हो तो उनकी समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनसे सप्ताह में 90 घंटे कार्य करने की अपेक्षा करना उनकी सामाजिक और पारिवारिक जिंदगियों को नर्क में झोंक देने जैसा है।

आजकल तो ऐसे भी संस्थान हैं जो अपने बड़े-बड़े अधिकारियों को ज्यादा वेतन इसलिए देते हैं कि वे छोटे कर्मचारियों का शोषण करें। वास्तव में बहस इस पर होनी चाहिए कि संस्थाओं में कर्मचारियों को उत्पादनक्षम वातावरण कैसे मिले जिससे पारिवारिक तथा व्यावसायिक जीवन में संतुलन आए न कि उनसे 90 घंटे काम करने की अपेक्षा की जाए। हालांकि अब एल एंड टी की एचआर हेड ने अपने चेयरमैन का बचाव करते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है। लेकिन सच तो यह भी है कि जब बात निकली है तो दूर तलक जाएगी।

# चीन के निर्णय से भारत सकते में

**डॉ. एन.के. सोमानी**

पिछले साल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जब पूर्वी लद्दाख को लेकर भारत और चीन के बीच समझौते की खबर आई तो एकबारगी लगा कि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और परमाणु सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंध सामान्य हो रहे हैं।

दोनों देशों के रिश्तों में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली नरमी लौटने से एक उम्मीद जगी थी कि एशियाई रिजन तनाव व संघर्ष के वातावरण से मुक्त हो सकेगा। दुर्भाग्य से पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रों के बीच विश्वास बहाली की जमीन पुख्ता हो पाती इससे पहले ही चीन ने तिब्बत में ब्रहमपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर विवाद को हवा दे दी। चीन के इस निर्णय से भारत सकते में है।

भारत का मानना है कि चीन के इस प्रोजेक्ट से निचले बहाव वाले देशों खासकर भारत और बांग्लादेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने इस प्रोजेक्ट पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है। उसने चीन सरकार को दो टूक कहा है कि किसी भी तरह के निर्माण से पहले निचले बहाव वाले देशों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारत का मानना है कि बांध का निर्माण जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षति और निचले इलाकों में जल संकट उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, चीन ने योजना का बचाव करते हुए कहा है कि दाकों के अध्ययन के बाद सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया गया है, इसलिए बांध के निर्माण से दूसरे देशों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सवाल यह है कि चीन की कथनी और करनी पर किस हद तक भरोसा किया जाए। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने परियोजना पर सवाल खड़े किए हैं।

ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के कैलाश पर्वत के पास मानसरोवर झील के पूर्व की ओर से निकलती है। भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम से होते हुए यह बांग्लादेश तक जाती है। इसकी कुल लंबाई 2880 किमी है। तिब्बत में इसका नाम यारलुंग सांगपो है। तिब्बत में इसका बहाव क्षेत्र 1625 किमी है। भारत में इसकी लंबाई 918 किमी है। यहां इसे सियांग, दिहांग और ब्रहमपुत्र के नाम से जाना जाता है। नदी का बाकी 337 किमी का हिस्सा बांग्लादेश में है, जहां इसे 'जमुना कोयला' कहा जाता है। तीन देशों में बहाव क्षेत्र होने के कारण नदी पर शुरू की जाने वाली किसी भी परियोजना या एक तरफा तौर पर होने वाले निर्माण पर सवाल उठने लगते है। पिछले 25 दिसम्बर को जब चीन ने ब्रह्मपुत्र पर 60,000 मेगावाट की क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के निर्माण की घोषणा की खबरे मीडिया में आई तो भारत सरकार हरकत में आई।

दरअसल, चीन जिस तरह से अपनी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का उपयोग प्रतिद्वंद्वी देशों को आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर घेरने के लिए करता है उससे भारत की चिंता बढनी ही थी। चिंता के कई बड़े कारण है। पहला, इस परियोजना के शुरू होने के बाद भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर हमेशा चीनी दखल का खतरा मंडराता रहेगा। दूसरा, चीन का भारत और बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद बढ़ सकता है, क्योंकि ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर तीनों देशों के दावे को लेकर विवाद है। तीसरा, भारत-चीन संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की स्थिति में चीन इस डैम को भारत के साथ सौदेबाजी का जरिया बना सकता है। चौथा, चीन इस डैम का उपयोग 'वाटर बम' के तौर पर भी कर सकता है।

तनाव और विवाद की स्थिति में चीन इस डैम के जरिए भारत के सीमाई इलाकों में बड़ी मात्रा में वाटर फ्लो करके बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देगा। सच तो यह है कि ब्रह्मपुत्र अरुणाचल प्रदेश और असम की जीवन रेखा है, जो पांच करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल, सिंचाई और जलविधुत के लिए पानी उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर चीन ब्रह्मपुत्र पर बांध का निर्माण करता है तो पानी के बहाव पर उसका नियंत्रण हो जाएगा।

परिणामस्वरूप वह शुष्क मौसम के दौरान पानी के प्रवाह को कम कर कृषि और पेयजल के लिए जल संकट उत्पन्न करने में संकोच नहीं करेगा। दूसरी ओर मानसून के दौरान अतिरिक्त पानी छोडने का भी खतरा बना रहेगा। इससे पहले भी चीनी अपस्ट्रीम गतिविधियों के कारण असम, अरुणाचल और हिमाचल में बाढ़ आ गई थी। दरअसल, चीन अपनी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं को लेकर हमेशा संशय की स्थिति बनाए रखता है। निर्माण योजना को लेकर पड़ोसी देशों के बीच भ्रम बनाए रखना और महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी साझा करने से बचना उसकी इसी 'निर्माण नीति' का हिस्सा है। साल 2010 में कई वर्षो के इनकार के बाद उसने स्वीकार किया कि वह ब्रह्मपुत्र पर जंगमु बांध बना रहा है।

हालांकि, भारत का पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ नदी के पानी को लेकर विवाद है लेकिन दोनों देशों के साथ संधि होने के कारण इस मुद्दे को सुलझाया जा सकता है परन्तु चीन के साथ भारत की कोई संधि नहीं है दोनों के बीच केवल एक समझौता ज्ञापन है जिसके तहत चीन केवल ब्रह्मपुत्र पर हाइड्रोलॉजिकल डेटा प्रदान करता है। यह एक अस्थायी समझौता है जिसकी हर पांच साल में समीक्षा की जाती है और चीन जब चाहे इससे पीछ हट सकता है। सवाल है भारत चीन की इस चुनौती से निबटने के लिए क्या कर सकता है। पूरे मामले में सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू यह है कि भारत को इस प्रोजेक्ट की समय रहते खबर क्यों नहीं लगी? दूसरा जिस तरह से भारत ने एक सप्ताह से अधिक का समय बीतने के बाद चीन के समक्ष आपत्ती प्रकट की उस पर भी सवाल उठ रहे हैं।

खैर! अब भी कोई बहुत ज्यादा देर नहीं हुई है। चीन की चुनौती से निबटने के लिए भारत ने रणनीतिक उपायों के साथ जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण पर आगे बढने के संकेत दिए। हालांकि, भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर डैम का निर्माण कर चीन को काउंटर करने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा जिस तरह से 2023 की शुरुआत में भारत ने रणनीतिक चतुराई के साथ वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का आयोजन करके ग्लोबल साउथ की दौड़ से चीन को अलग किया है, वैसी रणनीतिक सूझबूझ का परिचय मौजूदा चुनौती से निबटने में देना होगा।

# देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है यूपी

**डॉ. शीलवन्त सिंह**

भारतीय अर्थव्यवस्था भारत के 28 राज्य 8 केंद्रशासित प्रदेशों की आर्थिक क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था 3-7 ट्रिलियन डॉलर का स्तर पार कर चुकी है जिसमें 15.7 प्रतिशत के योगदान के साथ महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है तथा 9.2 प्रतिशत के योगदान के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य आर्थिक दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है।

उत्तर प्रदेश राज्य से देश की राजनीति का सीधा संबंध है क्योंकि लोक सभा में राज्यों में सर्वाधिक सीटें उत्तर प्रदेश की हैं परंतु 2017 से जब से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से देश की आर्थिक गतिविधियों के केंद्र में प्रदेश आ गया है। 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के साथ ही 2020 में 11वें डिफेंस एक्स्पो का सफल आयोजन राज्य में कराया गया। दिल्ली को छोड़ दिया जाए तो उत्तर प्रदेश में पहली बार किसी राज्य में डिफेंस एक्स्पो का आयोजन हुआ था। कोविड महामारी की आपदा के दौरान प्रधानमंत्री के आपदा में अवसर के मंत्र ने उत्तर प्रदेश को नई ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। उत्तर प्रदेश सैनेटाइजर उत्पाद से लेकर सर्वाधिक कोविड वैक्सिनेशन करने वाला देश का पहला राज्य बना। 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ। 2024 में देश ने जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता की।

इस अवसर का लाभ उत्तर प्रदेश राज्य ने आर्थिक-सांस्कृतिक, दोनों दृष्टि से खूब उठाया। सांस्कृतिक शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा जैसे शहरों में निवेशकों को निवेश के बेहतर विकल्प मिले तो पर्यटन, खानपान, लोक कलाओं और ओडीओपी योजना में शामिल उत्पादों को उपहारस्वरूप भेंट देकर निवेशकों का मन जीता तो वहीं प्रदेश के आर्थिक हब ग्रेटर नोएडा में सम्मेलन का आयोजन कर उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्षमता से भी निवेशकों का परिचय कराया।

22 जनवरी, 2024 की तारीख पुनः उत्तर प्रदेश को देश के केंद्र में ला खड़ा करती है, मौका था भव्य राम मन्दिर के उद्घाटन का। संपूर्ण अयोध्या नगरी का कायाकल्प हो गया। सड़कों से लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक, रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक, सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर, भव्य चौराहों के निर्माण तक, सीवर लाइन से लेकर बिजली की व्यवस्था तक, धार्मिक स्थलों के कायाकल्प से लेकर, रोजगार, सुरक्षा, पर्यटन और स्वच्छता के क्षेत्र में, जो नये-नये कीर्तिमान रचे गए, उसका साक्ष्य प्रदेश की 24 करोड़ जनता बनी। असंख्य श्रद्धालु आज लाखों की संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं, और देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान सुनिश्चित करा रहे हैं।

आज प्रदेश अपने सु-शासन, जीरो टॉलरेंस ऑफ करप्शन तथा महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी छवि को सकारात्मक कर चुका है, जिसका परिणाम है कि स्थल अवरुद्ध राज्य होने के बाद भी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन हो या भारत की पहली फिल्म सिटी का निर्माण हो या प्रधानमंत्री मित्र योजना में शामिल 7 राज्यों में उत्तर प्रदेश का शामिल होना हो या सैमसंन कंपनी द्वारा विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब का नोएडा में स्थापित होना हो, उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश के नये परसेप्शन के साथ आगे बढ़ रहा है।

आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के सपने को व्यावहारिक पटल पर स्वीकार्य बना रहा है। यूपी कृषि प्रधान तथा एमएसएमई प्रधान राज्य तो है ही वह दिन दूर नहीं जब यह सेवा प्रधान राज्य भी होगा। इसकी शुरुआत योगी सरकार द्वारा प्रदेश के 5 जिलों को 'पंच प्राण' के रूप में विकसित करने से हुई है। कानपुर को रोबोटिक्स व ड्रोन सिटी के रूप में, लखनऊ को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में, नोएडा को सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा सिटी के रूप में तथा वाराणसी, प्रयागराज को इंजीनियरिंग अनुसंधान व विकास सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है जो दर्शाता है कि वर्तमान-भविष्य में जिन सेवाओं, तकनीकों व अनुसंधानों की जरूरत होगी उनकी तैयारी के लिए प्रदेश ने कमर कस ली है।

आज उत्तर प्रदेश की पहचान निवेश फ्रेंडली, टूरिज्म फ्रेंडली, कनेक्टिविटी फ्रेंडली, महिला सुरक्षा फ्रेंडली स्टेट के रूप में हो चुकी है जिसके चलते प्रदेश आर्थिक महाशक्ति के रूप में अपना वर्चस्व स्थापित कर रहा है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण 2025-25 का प्रदेश सरकार का 7-36 लाख करोड़ रु पये का वार्षिक बजट है जो पूर्व की सपा सरकार के बजट का दोगुना तथा भारत के सभी राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है। 2016-17 में प्रदेश की जीडीपी 12-75 लाख करोड़ रुपये की थी जो 2024-25 में बढ़कर 25 लाख करोड़ रु पये के स्तर को पार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश ने 5 वर्षो में अपनी जीडीपी को दो गुना कर लिया है, जो प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना सोरेन ने रांची में विधायकों के साथ विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होने से आप राहत महसूस करेंगे। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपको रिलेक्स फिल होगा। बहुत दिनों से जिस काम को लेकर परेशान थे वो आज पूरा होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का मान सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिसमें आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं, इससे आपका समय बचेगा। प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका मन किसी कारणवश उलझन में है, तो उसे शांत करने के लिए बच्चों के साथ थोड़ा समय बितायेंगे। यदि आप किसी प्रकार का मकान या दुकान खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का निर्वाहन अच्छे से करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को, लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख और सौहार्द्र की वृद्धि होगी। कारोबार के सेल्स में बढ़ोतरी होगी, जिससे इनकम अच्छी खासी होगी। आज आपका स्वास्थ चुस्त दुरुस्त बना रहेगा। आज आप मानसिक रूप से फिट रहेंगे। लवमेट अपनी गलतियों को समझकर रिश्ते को एक मौका देंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन नयी उमंग लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण... आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित रहेंगे। साथ ही ज्यादा समय पढाई में व्यतीत करेंगे। यह देखकर आपके घरवालों को भी ख़ुशी होगी। काम के दबाव से निकल कर आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी में मधुरता रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोडा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढेगा। आज बड़ों की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। साथ ही दोस्तों का सहयोग भी मिलेगा। लवमेट आज घरवालों से अपने रिश्ते के बारे में बताएँगे।

मकर राशि- आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज नया काम आपको सोच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी।


कुंभ राशि- आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। संतान पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के घर का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे सफलता हासिल होगी। आज आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं।

# मोहन की भगवत का नया अध्याय बंधु भाव

**राकेश अचल**

***मेरी समझ में आजतक नहीं आया कि ये देश किसकी बात पर भरोसा करे ,आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भगवत की बात पर या प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दस मोदी की बात पर दोनों के सुर हर दिन बदल जाते हैं ,ठीक मौसम की तरह। संघ प्रमुख डॉ मोहन भगवत ने गणतंत्र दिवस पर कह दिया कि असली धर्म बंधु भाव है। अर्थात सनातन या हिन्दू धर्म असली धर्म नहीं रहा ,जिसके लिए ममता कुलकर्णी ने सन्यास लिया और महामंडलेश्वर बनीं।***



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ) प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के ठाणे में भिवंडी के एक महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराने के बाद कहा कि - बंधुभाव ही असली धर्म है। उन्होंने कहा कि यह बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान देते समय अपने भाषण में भी समझाई है।भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। विविधता के कारण भारत के बाहर संघर्ष हो रहे हैं। हम इसे जीवन का हिस्सा मानते हैं।उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए।

मेरी समझ में ये नहीं आता कि जो बात डॉ भागवत देश को समझा रहे हैं वो ही बात वे संघ दीक्षित भाजपा नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं कि साथ असंघी योगी आदित्यनाथ को क्यों नहीं समझाते योगी ही हैं जिन्होंने देश कि हिन्दुओं को बँटोगे तो कटोगे का सनातन सूत्र दिया है। ये नारा तो बंधु भाव की सोच से मेल ही नहीं खाता। संघ का कोई नारा भाजपा के नारों से मेल नहीं खाता। क्या दोनों में सचमुच कोई तालमेल है ही नहीं या ये सब एकसाजिश है कि -एक आग लगाए और दूसरा आग पर पानी डालने का अभिनय करे।

आपको याद होगा कि पिछले दिनों डॉ भागवत ने देशवासियों से असली आजादी 22 जनवरी को मनाने का आव्हान किया था। 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह था। भागवत धर्मांतरण ,मस्जिदों की खुदाई और मुसलमान तथा ईसाइयों को आंतरिक दुश्मन माने जाने पर अंतर्विरोधी ब्यान दे चुके हैं। उनके बयानों से उनके ही जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज तक विरोध जता चुके हैं। वे कभी डीप स्टेट, वोकिजम और कलचरल मार्क्सिस्ट को सांस्कृतिक परम्पराओं के घोषित शत्रु कहते हैं। तो कभी बांग्लादेश में हुए हिंदुओं पर अत्याचार का भी मुद्दा उठाते हुए कहते हैं कि दुर्बल रहना अपराध है, इसलिए हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है।मेरी समझ में ये नहीं आता की डॉ भागवत किसी सांस्कृतिक -सामाजिक संगठन के मुखिया हैं या किसी राजनीतिक संगठन के । आपकी समझ में आता हो तो मुझे भी बताइये। मुझे लगता है कि डॉ भागवत के विवादास्पद और अंतर्विरोधी भाषण सुन-सुनकर अब शाखामृग और भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता और नेता भी दिग्भर्मित हो गए हैं। वे समझ नहीं पा रहे हैं है कि उन्हें बंधु भाव के लिए काम करना है या हिंदुत्व भाव के लिए। डॉ भागवत को चाहिए कि वे पल=पल में अपना स्टेण्ड न बदलें। पल-पल में स्टेण्ड हो या रंग, केवल और केवल गिरगिट अपना रंग बदलता है। मै डॉ भागवत को गिरगिट कहने की हिमाकत कर नहीं सकता। ये काम कांग्रेसियों का है।आप मुझे भी शौक से कूढ़ मगज कह सकते हैं ,क्योंकि मुझे डॉ भागवत समझ में ही नहीं आते । वे दादा कोंडके की तरह द्विअर्थी बातें करते हैं। यानि वे देश को और अपने शाखा मृगों को ये सुविधा देते हैं कि उनके भाषणों से जो जैसा अर्थ निकलना चाहे निकल ले।ये सुविधा आपको दादा नरेंद्र यदि या योगी आदित्यनाथ कि भाषणों को समझने के लिए नहीं दी गयी है। डॉ भागवत पशु चिकित्स्क होकर ऐसी मजेदार बातें करते हैं ,कल्पना कीजिये यदि वे आदमियों के डाक्टर होते तो क्या होता ? मै प्रतीक्षा कर रहा हूँ उस दिन की जब डॉ भागवत महाकुम्भ में ममता कुलकर्णी की तरह अचानक प्रकट होकर फिर देश को कोई ज्ञान बाँटेंगे । कुम्भ है ही ज्ञान बाँटने की जगह । मुझे तो लगता है कि डॉ भागवत को महाकुम्भ कि दौरान इधर-उधर भागने के बजाय संगम तट पर कल्पवास करना चाहिए था। वे महाकुम्भ में आरएसएस का तम्बू भी लगाते तो और भी बेहतर होता।



# गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म नहीं होगी : मल्लिकार्जुन खड़गे



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के महाकुंभ दौरे को लेकर उन पर तीखा कटाक्ष किया और कहा कि शाह के गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी नहीं दूर होगी। भाजपा के खिलाफ व्यापक मोर्चा खोलते हुए कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि भगवा पार्टी के नेता कैमरों की खातिर गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं। हालाँकि, खड़गे ने स्पष्ट किया कि वह किसी की आस्था को ठेस नहीं पहुँचाना चाहते। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने अपना हमला और तेज कर दिया और भाजपा-आरएसएस के लोगों को देशद्रोही करार दिया और कहा कि कांग्रेस धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। खरगे ने पीएम मोदी और शाह पर अपना हमला कम करते हुए कहा कि उन्होंने इतने पाप किए हैं कि वे 100 जन्मों में स्वर्ग नहीं जा सकते। उनकी टिप्पणी पर खड़गे पर पलटवार करते हुए, भाजपा के पुरी लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस प्रमुख का बयान करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर हमला था। पूरी दुनिया इस महाकुंभ की बात कर रही है वहीं भारत की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी इसे नकार रही है। महाकुंभ पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान सुनकर करोड़ों लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि क्या गंगा स्नान से गरीबी दूर हो जाएगी? क्या लोगों को रोजगार मिलेगा? खरगे ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर महार जाति से आते थे, लेकिन मध्य प्रदेश में महार जाति को आरक्षण नहीं मिलता है। यहां हमारी सरकार बनते ही महार जाति को Scheduled Castes (SC) का दर्जा दिलाकर रहेंगे। महात्मा गांधी जी ने कहा था-मैं एक ऐसे भारत के लिए काम करूंगा, जिसमें गरीब से गरीब भी ये महसूस कर सकें कि ये देश उनका है और इसके निर्माण में उनकी जोरदार आवाज है। ऐसे भारत में ऊंच-नीच का भेद नहीं होगा, सभी जातियां मेल-मिलाप से रहेंगी और छुआ-छूत के लिए कोई स्थान नहीं होगा। स्त्री और पुरुषों के समान अधिकार होंगे। लेकिन अफसोस कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह जैसे लोग बापू के उसूलों को नहीं मानते।



आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पार्टी नेता मनीष सिसोदिया, गोपाल राय और संजय सिंह के साथ नई दिल्ली में एक जनसभा के दौरान आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत को जल्द मिलेगा नया सेबी चीफ, सरकार ने शुरू की तलाश

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्रालय द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए चेयरमैन की तलाश शुरू कर दी गई है। इसकी वजह मौजूदा नियामक प्रमुख माधबी पुरी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त होना है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को अखबार में फिलिंग अप द पोस्ट ऑफ चेयरमैन इन सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया शीर्षक वाले विज्ञापन में पूंजीगत बाजार नियामक के प्रमुख पद पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए। विज्ञापन में कहा गया कि नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए या नियुक्त व्यक्ति की आयु 65 वर्ष होने तक, जो भी पहले हो, के लिए की जाएगी। सेबी प्रमुख के पास भारत सरकार के सचिव के समान वेतन या घर और कार के बिना 5,62,500 रुपये प्रति माह की कंसोलिडेटेड सैलरी प्राप्त करने का विकल्प होगा। वित्त मंत्रालय ने उम्मीदवारों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी तय की है। माधबी पुरी बुच को मार्च 2022 में तीन साल की अवधि के लिए 28 फरवरी तक सेबी प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। वह पूंजी बाजार नियामक का नेतृत्व करने वाली पहली महिला थीं। सेबी प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले, बुच सेबी बोर्ड की नियमित सदस्य थीं।बुच ने पूर्व आईएएस अधिकारी अजय त्यागी का स्थान लिया है, जिनका सेबी प्रमुख के रूप में कार्यकाल दो साल के विस्तार के बाद समाप्त हो गया था। त्यागी ने वित्त मंत्रालय में प्रमुख पदों पर कार्य किया था।वह निजी क्षेत्र से सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली व्यक्ति थीं। उनका करियर 1989 में आईसीआईसीआई बैंक से शुरू हुआ था। 1993 से 1995 के बीच बुच ने इंग्लैंड के वेस्ट चेशायर कॉलेज में ले. रर के तौर पर काम किया। बुच ने 12 साल तक विभिन्न कंपनियों में बिक्री, मार्केटिंग और उत्पाद विकास सहित विभिन्न प्रोफाइल में काम किया था।2006 में वह आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज में शामिल हुईं और बाद में फरवरी 2009 से मई 2011 तक कंपनी की सीईओ रहीं।इसके बाद बुच 2011 में ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल में शामिल होने के लिए सिंगापुर चली गईं। 2011 से 2017 के बीच उन्होंने जेनसर टेक्नोलॉजीज, इनोवेन कैपिटल और मैक्स हेल्थकेयर जैसी कई कंपनियों के कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया है।

### भाभी के धमाकेदार डांस ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल, कमर देख मदहोश हुए यूजर्स

नई दिल्ली (आरएनएस)। शादियों का मौसम शुरू होते ही चारों तरफ उत्सव का माहौल छा जाता है और ऐसे में नाच-गाने का दौर भी शुरू हो जाता है। सोशल मीडिया पर इन दिनों शादियों के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें से एक वीडियो में एक भाभी के धमाकेदार डांस ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। यह वायरल वीडियो एक हल्दी समारोह का है, जिसमें पीली साड़ी पहने एक भाभी भोजपुरी गानों पर अपने शानदार डांस मूव्स से सबका दिल जीत रही हैं। भाभी के लाजवाब डांस और कमर की लचक ने वहां मौजूद सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वीडियो में भाभी न केवल भोजपुरी गानों पर, बल्कि हिंदी गानों पर भी थिरकती हुई नजर आ रही हैं। भाभी का डांस किसी पेशेवर डांसर से कम नहीं लग रहा है। हल्दी समारोह में मौजूद लोग उनके डांस पर तालियां और सीटियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और यूजर्स इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। यह वायरल वीडियो इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया गया है, जिसे अब तक 40 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है और लगभग ढाई लाख लाइक्स मिल चुके हैं। वीडियो पर यूजर्स की कई मजेदार प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। एक यूजर ने भाभी के डांस को 'गजब का परफॉर्मेंस' बताया, वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, इस डांस ने मेरा दिन बना दिया।

## पालघर जिले में अवैध इमारतों पर कार्रवाई, तीसरे दिन भी चला बुलडोजर, नम आंखों से लोग बोले, अब कहां जाए?

पालघर ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा पूर्व स्थित अग्रवाल नगरी के लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित जमीन पर बनी 41 अवैध इमारतों के खिलाफ वसई विरार शहर महानगरपालिका की 'ध्वस्तीकरण कार्रवाई' तीसरे दिन भी जारी रही। इस बीच, अपने आशियाने को खोने का दर्द लोगों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से साझा किया। बता दें, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है। अब तक इस कार्रवाई में 41 अवैध इमारतों में से 10 इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है, जबकि बाकी इमारतों पर कार्रवाई जारी है। नालासोपारा की रितु पैलेस इमारत के लोग अपने घर खाली करने में जुटे हैं। यहां रहने वाले एक शख्स प्रकाश भक्ति ने बताया कि मैं यहां पर पिछले 15 सालों से रह रहा हूं, लेकिन अब यहां पर प्रशासन एकाएक आ धमका और कह रहा है कि आप लोग मकान खाली करो, क्योंकि हम इसे तोड़ेंगे। पता नहीं, ये लोग इसे तोड़ेंगे की नहीं, लेकिन अब हम लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि हम लोग कहां जाएं।लोगों का आरोप है कि इस इमारत से वसई विरार महानगरपालिका ने हाउस टैक्स भी वसूला था। फ्लैट के निवासियों ने हाउस टैक्स की पावती भी दिखाई। इमारत में महावितरण द्वारा बिजली मीटर भी लगाया गया था, जिससे यह जाहिर होता है कि स्थानीय प्रशासन ने इस अवैध निर्माण को मान्यता दी थी।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा, रूम की हालत देख पुलिस के उड़े होश

करनाल (आरएनएस)। करनाल में स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुपर मॉल स्थित दो स्पा सेंटरों पर छापा मारा। डीएसपी नायब सिंह और एसएचओ श्रीभगवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक साथ दोनों सेंटरों पर छापेमारी की, जिससे मॉल में हड़कंप मच गया।पुलिस ने मॉल के मुख्य द्वार पर सुरक्षा कड़ी कर दी और स्पा सेंटरों के अंदर तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों सेंटरों से 10 युवतियां और 3 युवक मिले, साथ ही कुछ संदिग्ध सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस ने सभी युवक-युवतियों को हिरासत में लेकर सिविल लाइन थाने में ले जाया गया, जहां उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।लगभग दो साल पहले भी शहर में स्पा सेंटरों की संख्या में वृद्धि और उनमें आपत्तिजनक गतिविधियों की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाई थी।

## झारखंड के गिरिडीह में मकान के भीतर ब्लास्ट, महिला की मौत, छह झुलसे

गिरिडीह (आरएनएस)। झारखंड के गिरिडीह जिला मुख्यालय के शीतलपुर में एक मकान में हुए जोरदार ब्लास्ट में एक महिला की मौत हो गई, जबकि परिवार के छह अन्य सदस्य बुरी तरह झुलस गए हैं। ब्लास्ट कैसे हुआ, यह पता नहीं चल पाया है। जिला पुलिस के अफसर फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम के साथ घटनास्थल की जांच में जुटे हैं। बताया गया कि शीतलपुर में रहने वाले उमेश दास के घर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब दो बजे ब्लास्ट हुआ। यह ब्लास्ट इतना जोरदार था कि मकान की दीवार और छत क्षतिग्रस्त हो गई। ब्लास्ट की आवाज सुनकर आसपास के लोग जागे तो पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मकान के अंदर गंभीर रूप से झुलसे लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इनमें से एक बेदांती देवी ने हॉस्पिटल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। घायल हुए लोगों में उमेश दास, उनकी पत्नी सबिता देवी, पुत्र संदीप दास, सन्नी दास, बेटी लक्ष्मी और उमेश दास के ससुर शामिल हैं। इन सभी का गिरिडीह सदर हॉस्पिटल में इलाज कराया गया।गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। कुछ लोगों का कहना है कि उमेश दास के मकान को किसी ने रंजिश की वजह से विस्फोटक लगाकर उड़ाया, जबकि कुछ लोग गैस सिलेंडर फटने की आशंका भी जता रहे हैं।घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और कई दलों के नेता भी पहुंचे हैं। गिरिडीह के एसपी डॉ. बिमल ने घटना की बारीकी से जांच करने का निर्देश दिया है। गिरिडीह मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि फॉरेंसिक लेबोरेटरी की टीम ने घटनास्थल से सैंपल जुटाए हैं। फिलहाल विस्फोट के कारणों के बारे में कुछ भी कह पाना मुश्किल है। पुलिस हर आशंका पर गहराई से जांच में जुटी है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से की फोन पर बातचीत



नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को फोन पर बातचीत की और इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और आगे ले जाने के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर बातचीत के बाद कहा कि दोनों पक्ष परस्पर लाभकारी और विश्वसनीय साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करके बहुत खुशी हुई। उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, हम परस्पर लाभकारी और विश्वसनीय साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण तथा वैश्विक शांति, समृद्धि एवं सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

## तीसरी मंजिल से गिरकर भी जिंदा बच गया 2 वर्षीय मासूम



मुंबई ,(आरएनएस)। मुंबई के डोंबिवली में एक चमत्कारिक घटना सामने आई है, जहाँ एक दो साल का बच्चा तीसरी मंजिल से नीचे गिरने के बावजूद सुरक्षित बच गया। यह घटना डोंबिवली के देवीचापाड़ा इलाके में रविवार सुबह हुई।जानकारी के अनुसार, देवीचापाड़ा स्थित एक 13 मंजिला इमारत की तीसरी मंजिल पर रहने वाले एक परिवार का दो वर्षीय बच्चा बालकनी में खेलते समय अचानक नीचे गिर गया। उसी इमारत में रहने वाले भावेश म्हात्रे नामक एक युवक ने बच्चे को गिरते हुए देखा और बिना अपनी जान की परवाह किए उसे बचाने के लिए दौड़ लगा दी।भावेश ने बच्चे को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन बच्चा फिसलकर नीचे गिर गया। हालांकि, भावेश ने तुरंत अपने पैर बच्चे के नीचे लगा दिए, जिससे बच्चा सीधे जमीन पर गिरने से बच गया। इस घटना में बच्चे को कोई गंभीर चोट नहीं आई।पूरी घटना इमारत में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई और इसका एक फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो देखकर लोग इसे 'चमत्कार' बता रहे हैं और हैरान हैं कि इतनी ऊँचाई से गिरने के बाद भी बच्चा सुरक्षित है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में 76वें गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के बाद उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते हुए।**

## डमी छात्रों वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करें राज्य सरकार और सीबीएसई : दिल्ली उच्च न्यायालय




नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राज्य सरकार और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को डमी छात्रों वाले उन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया जो छात्रों को कक्षाओं में उपस्थित हुए बिना परीक्षा में बैठने की सुविधा प्रदान करते हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने इसे धोखाधड़ी करार दिया। पीठ ने कहा, यह देखा गया है कि छात्र स्कूल में कक्षाओं में उपस्थित नहीं होते, बल्कि कोचिंग सेंटर में समय बिताते हैं। इसके बावजूद, उन्हें शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा देने की अनुमति दी जाती है, जहां उन्हें अपेक्षित न्यूनतम हाजिरी दर्ज करानी होती है। इसलिए हम राज्य सरकार और सीबीएसई को इस संबंध में निरीक्षण करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने इस बात पर संज्ञान लिया कि ऐसे स्कूलों का इस्तेमाल अन्य राज्यों के छात्रों को दिल्ली के निवासी होने का लाभ देने के लिए किया जा रहा है। अदालत ने ऐसे स्कूलों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर दिल्ली सरकार और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अदालत ने यह निर्देश एक जनहित याचिका पर दिया। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि डमी स्कूल की कोई अवधारणा नहीं है और दावा किया कि फर्जी दाखिले के मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। अदालत ने कहा, हम राज्य सरकार और सीबीएसई के वकीलों को निर्देश देते हैं कि वे अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करें, जिसमें डमी स्कूलों के संबंध में कोई भी सूचना प्राप्त होने पर की गई कार्रवाई का विवरण दिया जाए। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि कोचिंग सेंटरों द्वारा ऐसे स्कूलों का उपयोग एक वेब-सीरीज में दिखाया गया था, जो राजस्थान के कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर आधारित है। अदालत ने कहा, ऐसा लगता है कि आपके विभाग ने इसे नहीं देखा है। इस मामले की अगली सुनवाई मई में होगी।

## नाबालिग लडकी से दुष्कर्म, पुजारी पर मामला दर्ज

जींद (ए.)। हरियाणा में जींद के अलेवा थानाक्षेत्र में एक नाबालिग लडकी के साथ पुजारी द्वारा कथित रूप से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर मंदिर के पुजारी बिट्टू के खिलाफ पाक्सो कानून एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रवक्ता ने शिकायत के हवाले से बताया कि लगभग दो माह पहले बिट्टू ने शिकायतकर्ता की बेटी के साथ दुष्कर्म किया और इस हरकत का उसने वीडियो भी बना लिया एवं फोटो भी खींच लिया। पुलिस के अनुसार गत दिवस पुजारी का कोई परिचित किशोरी को ले गया। बेटी के गायब होने पर जब शिकायतकर्ता ने उसे तलाशा तो वह वह बिट्टू पुजारी वाले मंदिर में मिली। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने बेटी से पूछताछ की तो उसने बताया कि पुजारी ने लगभग दो माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था और इसका वीडियो बना लिया था।



**76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वंदे भारत ट्रेन पहली बार बारामूला रेलवे स्टेशन पर सफलतापूर्वक पहुंची, जो इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।**

## दिल्ली-एनसीआर : देखने को मिलेगी धुंध की हल्की चादर, एक्यूआई कम होने से फिलहाल राहत की सांस



नोएडा ,(आरएनएस)। दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में फिलहाल अगले हफ्ते तक धुंध की हल्की चादर देखने को मिलेगी। इसके साथ-साथ आने वाले दो दिनों में ही न्यूनतम पारे में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। एक्यूआई के कम होने की वजह से फिलहाल दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में लोग राहत की सांस लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में न्यूनतम पारा और ऊपर बढ़ेगा और लोगों को हल्की गर्मी का एहसास शुरू हो जाएगा। हालांकि दिन के वक्त तेज धूप लोगों को गर्मी का एहसास करा रही है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक 27 जनवरी को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया है और वातावरण पूरी तरह से साफ रहेगा। वहीं 28 जनवरी को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किए जाने का अनुमान है और हल्की धुंध एनसीआर के लोगों को देखने को मिलेगी। इसके बाद 29 जनवरी से न्यूनतम पारा 10 डिग्री और अधिकतम पारा 24 डिग्री पहुंचने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने हल्के कोहरे की आशंका जताई है। 30 जनवरी और 31 जनवरी की अगर बात की जाए तो इन दोनों दिन मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम पारा 10 डिग्री और अधिकतम पारा 25 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इसके बाद 1 और 2 फरवरी को न्यूनतम पारा 11 डिग्री और अधिकतम पारा 26 डिग्री होने की आशंका जताई गई है, लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि इन दोनों दिन ही कोहरा देखने को मिल सकता है। फिलहाल मौसम विभाग की तरफ से कोई भी चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं एनसीआर के लोगों के लिए राहत की बात है कि एक्यूआई में भी काफी ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। अगर दिल्ली की बात करें तो यहां पर एक्यूआई औसतन 250 दर्ज किया गया है और दिल्ली के सभी इलाकों में एक्यूआई 300 से पार नहीं पहुंचा है।

## मणिपुर के कांगपोकपी में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद



इंफाल (ए.)। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों ने एक तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उसने रविवार को जिले के नेपाली बस्ती इलाके के पास तलाशी अभियान चलाया और तीन राइफल, एक पिस्तौल, दो मोर्टार, पांच गोलियां, दो हथगोले और एक मोबाइल फोन जब्त किया। पूर्वोत्तर राज्य में मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से पूरे मणिपुर में तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। राज्य में जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

# बालों को लंबा, घना और मजबूत बनाने के लिए जरूर इस्तेमाल करें यह चार तेल, मिलेंगे और भी फायदे



सर्दियों में अपने त्वचा और बालों को हेल्दी बनाए रखना मुश्किल होता है. ठंड के मौसम में बाल रूखे और फटने लगते हैं, जिससे बालों के रोम कमज़ोर हो जाते हैं. सर्दियों में बालों के झड़ने और डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है. ऐसे में सर्दियों में बालों को झड़ने से बचाने के लिए गर्म तेल से मालिश करना चाहिए. इससे बालों को पोषण मिलता है और वे रूखे और बेजान होने से बचते हैं. बता दें, गर्म तेल से सिर की मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और बाल लंबे होते हैं. इसके अलावा सिर की तेल से मालिश करने से तनाव कम होता है और नींद अच्छी आती है...

खबर के माध्यम से जानें कैसे इन चार प्राकार के तेल की मालिश से आपके बालों को पहुंचेगा फायदा, बालों के लिए कुछ अच्छे तेल ये रहे...

### नारियल का तेल

नारियल का तेल बालों के लिए अच्छा होता है. आप इस तेल से बालों के रोम की मालिश कर सकते हैं. इसके एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण संक्रमण को रोकने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं. इसलिए नारियल के तेल को हल्का गर्म करके बालों में लगाने से अच्छे परिणाम मिलते हैं. इस तेल को अपने बालों में लगाएं और थोड़ी देर बाद धो लें.

### जैतून का तेल

बालों को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए जैतून का तेल अच्छा होता है. यह तेल सिर की त्वचा की नमी बनाए रखता है और रूखेपन से राहत दिलाता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं और यह बालों को पोषण देता है. इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है. लगभग आधे घंटे तक अपने बालों में तेल लगाएं और फिर धो लें.

### बादाम का तेल

बादाम के तेल में विटामिन ई, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं. ये तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं. यह डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है. कम समय में बाल लंबे करने के लिए उबलते बादाम के तेल से मालिश करें. तो आप अपने बालों को मजबूत और खूबसूरत बनाए रखने के लिए बादाम का तेल लगा सकते हैं. लगभग 20 मिनट के लिए अपने स्कैल्प पर तेल लगाएं और अपने बाल धो लें.

### अरंडी का तेल

अरंडी का तेल रिसिनोलिक एसिड से भरपूर होता है और बालों को लंबा, मजबूत बनाने में मदद करता है. यह तेल स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों को झड़ने से रोकता है. ऐसे में बालों की जड़ों को मजबूत करने के लिए अरंडी के तेल को उबालकर उससे मालिश करें. इस तेल को अपने स्कैल्प पर लगभग 20 मिनट तक लगाएं और फिर धो लें. इससे आपके बाल मजबूत, लंबे और अधिक सुंदर बनेंगे. इस तेल का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3-4 दिन कर सकते हैं.

# फिल्म लैला से विश्वक सेन का एकदम नया स्टाइलिश पोस्टर आउट



विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला का स्टाइलिश फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों तरह की भूमिकाएं निभाने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाया गया है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला एक रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर है।

पोस्टर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल के रूप में दिखाया गया है, जो आत्मविश्वास और रवैये के साथ-साथ सोने की एक्सेसरीज और बोल्ड टैटू के साथ दिखाई दे रहे हैं। उनके हाव-भाव उनके किरदार की जटिल प्रकृति का संकेत देते हैं। यह बदलाव विश्वक सेन की विविधता को दर्शाता है, साथ ही आकांक्षा शर्मा की मुख्य महिला के रूप में पहली फिल्म भी है।लैला में वासुदेव मूर्ति (पटकथा), रिचर्ड प्रसाद (छायाचित्रण), लियोन जेम्स (संगीत) और ब्रह्मा कदली (कला निर्देशन) सहित प्रतिभाशाली तकनीकी दल शामिल हैं। वैलेंटाइन डे, 14 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज होने वाली लैला एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

विश्वक सेन के उल्लेखनीय परिवर्तन के कारण, दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अपने रवैये, साज़िश और रोमांस के मिश्रण के साथ, लैला दुनिया भर के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। लैला में विश्वक सेन के गतिशील प्रदर्शन को देखने के लिए 14 फरवरी को अपने कैलेंडर पर निशान लगाएँ।

# सनी देओल की साउथ डेब्यू जाट की रिलीज डेट आउट, बाहुबली और केजीएफ स्टार से भिड़ेगा तारा सिंह




सनी देओल की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म जाट के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया और तब से ही फैंस इसके ट्रेलर और रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं. अब फाइनली फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है. आपको बता दें कि सनी देओल की थिएटर में यश और प्रभास जैसे बड़े साउथ इंडियन हीरोज से टक्कर होने वाली है. इसके अलावा उस समय और भी फिल्में इसके आस-पास रिलीज होंगी.

सनी देओल की जाट को पुष्पा 2 के मेकर्स मैथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं. प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म से एक नया पोस्टर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट अनाउंस की. पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, जाट की दुनियाभर में ग्रैंड रिलीज 10 अप्रेल को होगी. ये फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होने जा रही हैं. इसे गोपीचंद ने डायरेक्ट किया है वहीं मैथ्री मूवी मेकर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है.

सनी देओल की जाट 10 अप्रेल को रिलीज होने जा रही है. इसी दिन दो पैन इंडिया स्टार भी थिएटर में दस्तक देने वाले हैं. पहले केजीएफ स्टार यश जिनकी टॉक्सिक भी इसी दिन रिलीज होगी वहीं प्रभास की द राजा साब के लिए भी 10 अप्रेल की डेट चुनी गई है. इसका मतलब है कि सनी देओल की फिल्म को बड़ी टक्कर मिलने वाली है. यह भी कहा जा सकता है कि तीनों फिल्मों को बड़े क्लैश का सामना करना पड़ेगा.

सनी देओल की जाट, यश की टॉक्सिक और प्रभास की द राजा साब थिएटर्स में 10 अप्रेल को आएंगी. इनके अलावा 14 अप्रेल को मोगली, नंदमुरी मोक्षगना, प्रभास हनु, स्पिरिट, एसएसएमबी 29 जैसी फिल्में 14 अप्रेल के लिए शेड्यूल की गई हैं. वहीं विष्णु मांचू की कन्नप्पा 25 अप्रेल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. देखा जाए तो अप्रेल के महीने में थिएटर्स काफी बिजी रहने वाले हैं. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन बड़ी फिल्मों में कौन ज्यादा लाइमलाइट लूटकर ले जाता है और बॉक्स ऑफिस पर किसे फायदा या नुकसान पहुंचेगा.

जाट की बात करें तो सनी देओल इसमें लीड रोल प्ले कर रहे हैं उनके साथ इस फिल्म में रणदीप हुड्डा हैं जो विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं. इनके साथ विनीत कुमार सिंह, सैय्यामी खैर, बबलू पृथ्वीराज, स्वरुप घोष जैसे कलाकार खास रोल में हैं.

## *सिद्धार्थ मल्होत्रा की नई फिल्म वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की अनाउंसमेंट, मैथोलॉजिकल थ्रिलर छठ पर होगी रिलीज*

बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट, वीवीएएन के लिए पहली बार हाथ मिलाया है. कहना होगा की ये पार्टनरशिप सिनेमेटिक लैंडस्केप को बदलने वाली है. बालाजी टेलीफिल्म्स की एकता आर. कपूर और टीवीएफ के अरुणाभ कुमार कंटेंट इंडस्ट्री के लीडर हैं. दोनों अपनी शानदार क्रिएशन्स के साथ अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी अनोखी कहानियों से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं.

दोनों प्रोडक्शन हाउस ने यह घोषणा की है, जिससे इस एक अनोखे सिनेमेटिक एक्सपीरियंस के लिए उत्साह पैदा हो गया है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बालाजी टेलीफिल्म्स और टीवीएफ ने अपना पहला प्रोजेक्ट वीवीएएन लॉन्च किया है. ये सीरीज दीपक मिश्रा डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने पहले मशहूर शो पंचायत को डायरेक्ट किया था. दीपक मिश्रा, जो टीवीएफ के लंबे समय के साथी हैं, एक बार फिर अरुणाभ कुमार के साथ पंचायत के बाद मिलके एक अनोखी कहानी बनाने जा रहे हैं, जो एक थ्रिलिंग बड़े परदे का एडवेंचर भी होगा, और इस प्रोजेक्ट को गाइड करेंगी एकता आर. कपूर. वे साथ मिलकर मैथोलॉजिकल थ्रिलर के जॉनर को पेश करने जा रहे हैं।

# देवा में डबल रोल?, शाहिद कपूर बॉक्स ऑफिस पर मचाएंगे बवाल, अलग-अलग अवतार में दिखेंगे एक्टर




ज़ी स्टूडियो और रॉय कपूर फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर 'देवा' के ट्रेलर ने धमाकेदार एक्शन और शाहिद कपूर के दमदार परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है. ट्रेलर में शाहिद एक दृढ़ और निडर पुलिस अधिकारी के किरदार में नज़र आ रहे हैं, लेकिन एक सीन, जिसमें शीशे में दो अलग-अलग परछाइयां दिखाई देती हैं, ने अटकलों को जन्म दे दिया है, क्या शाहिद इस फिल्म में डबल रोल निभा रहे हैं?

सूत्र ने खुलासा किया, शाहिद का किरदार 'देवा' में उनके अब तक के सभी रोल्स से बिल्कुल अलग है. ट्रेलर में कुछ हल्के संकेत दिए गए हैं, लेकिन फिल्म में उनके अलग-अलग अवतार दर्शकों को पूरी तरह से हैरान कर देंगे. यह डबल रोल है या कुछ और, इसका जवाब दर्शकों को फिल्म देखने के बाद ही मिलेगा. क्या यह उनकी आइकॉनिक फिल्म 'कमीने' की झलक है, या कुछ और अलग?

मलयालम के मशहूर निर्देशक रॉशन एंड्रूज़ द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियो व रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित 'देवा' एक दमदार और रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जो 31 जनवरी 2025 को रिलीज होने वाली है. ट्रेलर के इंटेंस एक्शन के साथ-साथ फिल्म का गाना 'भसड़ मचा' पहले ही धमाल मचा रहा है. इस फिल्मी सफर के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है, जो दर्शकों को आखिरी पल तक बांधे रखेगा।

# नोरा फतेही ने शॉर्ट ड्रेस में पैपराजी के सामने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर, फोटोज देख लट्टू हुए फैंस



अपने डांसिंग स्टाइल से लोगों को दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस के चलते आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में पैपराजी ने एक्ट्रेस को कही पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।नोरा फतेही आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाए रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।एक्ट्रेस नोरा फतेही का हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में बवाल काटती हैं।अब हाल ही में नोरा फतेही को पैपराजी ने कहीं पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही छा गया।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नोरा फतेही ने व्हाइट कलर का शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।नोरा फतेही की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने हाथ में छोटा सा बैग व्हाइट हील्स, लाइट मेकअप और खुले बाल कर के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि जब भी कोई इवेंट या पार्टी होती है तो पैपराजी अक्सर सेलेब्स को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब रहते हैं। उनका हर एक लुक अपने कैमरे में कैप्चर कर सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं, जिससे फैंस को भी एक झलक देखने को मिल पाती है।

# टाइगर श्रॉफ की नवीनतम पोस्ट है एकदम खास



बॉलीवुड के पहले और सबसे युवा 200 करोड़ क्लब सेंसेशन, टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम थ्रोबैक पोस्ट से इंटरनेट पर तहलका मचा रहे हैं। अपनी सुगठित बॉडी और आग लगा देने वाली इंटेंसिटी का प्रदर्शन करते हुए, इस एक्शन सुपरस्टार ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है और कमेंट सेक्शन में हलचल मचा दी है।

2025 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक, उनकी आगामी फिल्म बागी 4 के लिए उत्साह बढ़ने के साथ, टाइगर का बेजोड़ करिश्मा और समर्पण, एक ग्लोबल एक्शन आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत कर रहा है। सुपरस्टार स्क्रीन और सोशल मीडिया दोनों पर आग लगा रहे है, और वह एक बार फिर यह साबित कर रहे है कि उन्हें लोग एक पावरहाउस क्यों मानते है।

# मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया तगड़ा प्लान, आइटम नंबर में जान्हवी कपूर चलाएगी हुस्न का जादू



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 ने पूरे हिंदी सिनेमा का दिल जीत लिया है। फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई ने बाकी सभी फिल्मों को पछाड़ दिया है। अल्लू अर्जुन को उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई है, जिसने उन्हें नंबर 1 एक्टर बना दिया है। पुष्पा 2 ने 1800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर फिल्म मेकर्स को मालामाल कर दिया है। थिएटर में 50 दिन पूरे करने के बाद भी फिल्म की कमाई थमी नहीं है।

अभी भी उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म आमिर खान की दंगल के 2000 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। पुष्पा फ्रेंचाइजी की बात करें तो मेकर्स ने फिल्म के हर पार्ट में एक आइटम सॉन्ग रखा है, जो लोगों की जुबान से उतर ही नहीं रहा है। स्टार संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा द राइज और पुष्पा द रूल में दो खास गानों ऊ अंतवा मावा और किसिक से जिस तरह का जबरदस्त धमाल मचाया था। दोनों फिल्मों के इन गानों को यूट्यूब पर भी लाखों बार देखा जा चुका है।

पुष्पा 2 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब सबकी निगाहें पुष्पा फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर टिकी हैं। डायरेक्टर सुकुमार ने पुष्पा 2 को एक दिलचस्प मोड़ पर खत्म किया है, आगे क्या होगा ये जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। हाल ही में देवी श्री प्रसाद ने अपने नए बयान में पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग को लेकर बात की। देवी श्री प्रसाद की मानें तो वो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को देखना चाहते हैं। उनका कहना है कि जान्हवी अपनी मां श्रीदेवी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं।

देवी श्री प्रसाद ने आगे कहा कि उन्होंने पुष्पा 2 के चार्टबस्टर किसिक गाने के लिए श्रीलीला का नाम सुझाया था, क्योंकि वो एक बेहतरीन डांसर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उनके द्वारा बनाए गए स्पेशल सॉन्ग में सामंथा, काजल अग्रवाल और पूजा हेगड़े ने भी अपना जादू दिखाया था.

# स्काई फोर्स ने 15 करोड़ रु से भी ज्यादा से खोला खाता, बॉक्स ऑफिस पर छाई अक्षय-वीर की जोड़ी

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर सच्ची घटना पर आधारित वॉर एक्शन फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अपने ओपनिंग डे से कमाल कर दिया है. स्काई फोर्स




बीती 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई थी और पहले ही दिन उम्मीद से ज्यादा कमाई कर डाली है. स्काई फोर्स को लेकर कहा जा रहा था कि फिल्म 5 से 7 करोड़ रुपये की कमाई करेगी, लेकिन फिल्म ने पहले दिन बता दिया कि वह रुकने वाली नहीं हैं. बता दें, फिल्म स्काई फोर्स 1965 में भारत-पाक के बीच हुए युद्ध के दौरान सरगोधा एयरबेस पर भारत की जवाबी कार्रवाई पर बेस्ड है. स्काई फोर्स को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केल्वानी ने मिलकर बनाया है.फिल्म मेकर्स मडोक के अनुसार, स्काई फोर्स ने पहले दिन सभी भाषाओं में भारत में नेट कलेक्शनन 15.30 करोड़ रुपये कमाए हैं. बता दें, ओपनिंग डे पर हिंदी पट्टी में फिल्म का 24 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया है. वहीं, मॉर्निंग शो में 10.26 फीसदी, दोपहर में 14.12 फीसदी, इवनिंग शो में 22.76 फीसदी और नाइट शो में सबसे ज्यादा 36.58 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया है।

# शिवम दुबे की भारतीय टीम में वापसी संभव, नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह चोटिल



मुंबई (ए)। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि उभरते हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शेष मैचों से बाहर हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, रेड्डी को कम से कम चार सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत है, जिससे उनकी वापसी अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान ही संभव होगी। रेड्डी की अनुपस्थिति में, 31 वर्षीय शिवम दुबे को भारतीय टीम में बुलाए जाने की संभावना है। दुबे 28 जनवरी को राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने पिछली बार जुलाई 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, लेकिन पीठ की चोट के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा था। हाल ही में घरेलू क्रिकेट में वापसी के बावजूद, दुबे का प्रदर्शन रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ प्रभावित नहीं कर सका, जहां वह दोनों पारियों में खाता खोलने में असफल रहे।

रेड्डी के चोटिल होने के अलावा, रिंकू सिंह भी चोटिल बताए जा रहे हैं। उनकी जगह चयनकर्ताओं ने रमनदीप सिंह को टीम में शामिल किया है। यह भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण समय है, क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन बनाए रखना अहम होगा। शिवम दुबे ने अब तक 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 448 रन बनाए हैं और गेंदबाजी में 11 विकेट चटकाए हैं। हालांकि, टीम प्रबंधन के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दुबे चोट से वापसी के बाद राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह कितनी प्रभावी ढंग से बना पाते हैं।

## अर्शदीप सिंह बने आईसीसी पुरुष टी20 इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024

दुबई (ए)। भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण तब आया जब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 'आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुना गया। 25 वर्षीय अर्शदीप ने 2024 में



18 टी20 मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 36 विकेट हासिल किए। यह उपलब्धि उन्हें न केवल भारतीय क्रिकेट में बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे प्रभावशाली तेज गेंदबाजों में से एक बनाती है। इससे पहले, अर्शदीप को रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के साथ आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम में शामिल किया गया था। आईसीसी द्वारा जारी एक वीडियो संदेश में अर्शदीप ने इस सम्मान के लिए अपने कोच, खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनकी मेहनत और समर्थन के बिना संभव नहीं था।

2024 टी20 विश्व कप में अर्शदीप का प्रदर्शन भारत की सफलता की आधारशिला साबित हुआ। भारतीय टीम ने 17 वर्षों बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। जसप्रीत बुमराह के साथ अर्शदीप ने भारत के तेज आक्रमण का नेतृत्व किया और टूर्नामेंट में 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान साझा किया। टी20 विश्व कप के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अर्शदीप ने 9 रनों पर चार विकेट के शानदार आंकड़े दर्ज किए। फाइनल मुकाबले में, जहां भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से था, अर्शदीप ने निर्णायक भूमिका निभाई। क्विंटन डी कॉक का महत्वपूर्ण विकेट लेकर उन्होंने भारत की उम्मीदें बनाए रखीं। 19वें ओवर में जब दक्षिण अफ्रीका को 12 गेंदों में 20 रन चाहिए थे, अर्शदीप ने मात्र 4 रन दिए। हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवर में 16 रन डिफेंड कर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई।अर्शदीप ने कहा, टी20 विश्व कप फाइनल में जीतना हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण था। मैं भविष्य में भी ऐसे प्रदर्शन कर टीम को बेहतरीन नतीजे दिलाने की कोशिश करूंगा। यह पुरस्कार अर्शदीप की प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है और वह भारतीय क्रिकेट का चमकता सितारा बने हुए हैं।

## एसए20 : जॉबर्ग सुपर किंग्स ने हासिल की सनराइजर्स पर बोनस अंक की जीत

जोहान्सबर्ग, (ए)। जॉबर्ग सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विल्जोएन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाजों को तहस-नहस कर दिया। वांडरर्स स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सुपर किंग्स ने नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। पिछले कुछ हफ्तों से हाइवेल्ड में बारिश हो रही थी, लेकिन इस बार वांडरर्स में बढ़िया मौसम था। सुपर किंग्स के फैंस पूरे जोश के साथ स्टेडियम में अपनी टीम का समर्थन करने पहुंचे।सिपामला (3-13) ने इस मैच में जोरदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को सेंट जॉर्ज पार्क में उन्होंने गलती से नो बॉल फेंकी थी, जिस पर उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली को क्लीन बोल्ड किया था। लेकिन रविवार को उन्होंने उसी बल्लेबाज को स्लिप में कैच कराकर अपनी गलती का हिसाब चुकाया। पहले ओवर में ही उन्होंने टॉम एबेल को भी बोल्ड कर दिया। इस तरह सनराइजर्स की टीम 0/2 पर लड़खड़ा गई। यह सिपामला और उनकी टीम के लिए एक शानदार शुरुआत थी।इसके बाद सनराइजर्स की हालत और खराब हो गई। जॉर्डन हरमैन और एडन मार्करम के आउट होने से टीम का स्कोर 17/4 हो गया। डेविड बेडिंगम (48) और ट्रिस्टन स्टब्स (37) ने पारी संभालने की कोशिश की और 57 रनों की साझेदारी निभाई, लेकिन हार्डस विल्जोएन (4-24) ने आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी कर टीम को 118 रन पर ही समेट दिया।

## 28 जनवरी को भिड़ेंगी भारत-इंग्लैंड की टीमें, तीसरा टी-20 मैच राजकोट में खेला जाएगा

नईदिल्ली, (ए)। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में 28 जनवरी को खेला जाने वाला है, जिसका इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं. इस स्टेडियम में बल्लेबाजों को पिच से मदद मिलेगी या गेंदबाज नाक में दम करेंगे.

राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम की पिच की बात करें, तो यहां बल्लेबाजों को काफी मदद मिलने वाली है. यहां गेंद अच्छे उछाल के साथ बल्ले पर आती है, जिससे बल्लेबाजों के लिए स्ट्रोक खेलना बहुत आसान हो जाता है. यहां कई हाई स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिलते हैं.

इस मैच में जो कप्तान टॉस जीतेगा वह पहले बैटिंग का फैसला कर बड़ा स्कोर खड़ा करना चाहेगा. इस मैदान पर रनचेज के दौरान परिस्थितियां थोड़ी मुश्किल होती जाती है. राजकोट की पिच पर तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के लिए भी बहुत कुछ है.

राजकोट में 28 जनवरी को भारत और इंग्लैंड की टीमें तीसरा टी-20 मैच खेलेंगी. मंगलवार को इस मैच के दौरान बारिश की संभावना ना के बराबर है. हालांकि, आसमान में बादल रहेंगे. तापमान 32 से 15 डिग्री तक रह सकता है, हवा 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है और ह्यूमिडिटी 27त्र रहने की उम्मीद है.

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही इस घरेलू सीरीज का तीसरा मैच 28 जनवरी को शाम 7 बजे शुरू होगा. इसके लिए दोनों टीमों के कप्तान 6.30 बजे मैदान पर आएंगे. इसके सभी मुकाबले आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं. यदि मोबाइल पर आप इन मैचों को लाइव देखना चाहते हैं, तो हॉटस्टार ऐप पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं. इसके अलावा डीडी स्पोर्ट्स पर आप इन मुकाबलों को लाइव देख सकते हैं.

## मुल्तान टेस्ट में शर्मसार हुआ पाकिस्तान, वेस्टइंडीज की कमजोर टीम ने चटाई धूल

नईदिल्ली(ए)। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में हराकर अपना दम दिखाया है. पाकिस्तान-वेस्टइंडीज के बीच खेले गए मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान के सामने 234 रनों का लक्ष्य था. लेकिन, शान मसूद की कप्तानी वाली पाकिस्तान की टीम 133 के स्कोर पर ही ढ़ेर हो गई और 120 रन से मैच गंवा बैठी. इसी के साथ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज ड्रॉ पर खत्म हुई है.

किसी भी टीम के लिए अपने घरेलू मैदान पर हारना शर्मनाक होता है. मुल्तान टेस्ट में वेस्टइंडीज के हाथों मिली ये हार पचाना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं होने वाला है. इस मैच में पाकिस्तान की बल्लेबाजी दोनों ही पारियों में बहुत ही निराशाजनक रही. जहां, पहली पारी में पाक टीम 154 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई, वहीं, दूसरी पारी में भी 133 रन ही बना पाई. जाहिर तौर पर बल्लेबाजों का ये निराशाजनक प्रदर्शन पाक की हार का सबसे बड़ा कारण रहा.

पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए मुल्तान टेस्ट मैच में टॉस जीतकर मेहमान टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. जहां, पहले बैटिंग करते हुए कैरेबियाई टीम 163 रन पर ऑलआउट हुई. वहीं, पाकिस्तान की टीम भी पहली पारी में 154 रन ही बना पाई.

दूसरी पारी में वेस्टइंडीज ने 244 रन बनाए और 234 रनों का लक्ष्य खड़ा किया. ऐसा लग रहा था की घरेलू दर्शकों के सामने पाकिस्तान इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका. शान मसूद की कप्तानी वाली पूरी टीम 133 पर ही ऑलआउट हो गई और मेजबानों की हार के साथ ही तीसरे दिन ही मैच खत्म हो गया.

# 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने उतारेंगे विराट कोहली



*नई दिल्ली (ए)। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली अगले हफ्ते अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले है। दिल्ली की टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में रेलवे से भिड़ना है। कोहली 13 साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ आखिरी रणजी मैच खेला था। यह वापसी बीसीसीआई के नए नियमों के तहत हो रही है, जिसमे सभी भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरी है।डीडीसीए ने कोहली की वापसी के लिए खास इंतजाम किए हैं। स्टेडियम में सुरक्षा बढ़ाई गई है और करीब 10,000 दर्शकों के लिए जगह बनाई जा रही है। नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस दर्शकों के लिए खोले जाएंगे। जरुरत पड़ने पर बाकी स्टैंड के ग्राउंड फ्लोर पर भी दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। डीडीसीए ने घोषणा की है कि इस मैच के लिए कोई टिकट नहीं जारी किया जाएगा। सभी दर्शक मुफ्त में मैच देख सकते है।*


## प्रीमियर लीग : मार्टिनेज की स्ट्राइक ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम पर 1-0 से जीत दिलाई

लंदन, (ए)। लिसांद्रो मार्टिनेज के डिफ्लेक्टेड शॉट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम के खिलाफ 1-0 की जीत दिलाई। यह हार फुलहम के लिए 23 नवंबर के बाद अपनी घरेलू जमीन पर पहली हार थी।

अर्जेंटीना के खिलाड़ी मार्टिनेज ने खेल के 78वें मिनट में गोल किया। यह मैच वेस्ट लंदन में हुआ, जो काफी कड़ा मुकाबला था। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रेवेन कॉटेज में अपने पिछले आठ मैच जीते हैं, यह सिलसिला दिसंबर 2011 से जारी है।इस सीजन की तीसरी बाहर की जीत से यूनाइटेड अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। अब टीम का ध्यान व्यस्त जनवरी में यूईएफए यूरोपा लीग पर है।गुरुवार को यूनाइटेड की टीम रोमानिया में एफसीएसबी के खिलाफ खेलेगी। अगर यह मैच जीता तो यूनाइटेड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 में जगह बना लेगा।मैच के पहले हाफ में यूनाइटेड ने केवल एक शॉट लगाया, जबकि फुलहम का प्रदर्शन बेहतर रहा। एलेक्स इवोबी ने सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा और दो बार यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को परेशान किया। वहीं, राउल जिमेनेज के कुछ शॉट्स क्रॉसबार के ऊपर चले गए। दूसरे हाफ में भी खेल का पैटर्न लगभग वैसा ही रहा। हालांकि, कुछ यूनाइटेड फैंस को लगा कि ब्रूनो फर्नांडेज की 20 गज की दूरी से फ्री-किक गोल में चली गई, लेकिन गेंद साइड-नेटिंग में थी। आखिरकार, किस्मत ने यूनाइटेड का साथ दिया।

# विदेश समाचार

## महिला की पालतू बिल्ली की वजह से चली गई नौकरी



बीजिंग (ए)। चीन में एक महिला की नौकरी उसकी पालतू बिल्ली की वजह से चली गई। यह घटना है चीन के चोंगकिंग शहर की। यह महिला अपनी नौ बिल्लियों के साथ रहती हैं, जो कि नौकरी से इस्तीफा देने की सोच रही थीं, लेकिन पैसों की जरूरत के चलते वह इस फैसले पर असमंजस में थीं।इस बीच, एक दिन उनकी बिल्ली ने लैपटॉप पर छलांग लगाई और अचानक 'एंटर' बटन दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप उनका इस्तीफा उनके बॉस के पास पहुंच गया। महिला को जब यह एहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत अपने बॉस से संपर्क किया और उन्हें सच्चाई बताने की कोशिश की। महिला ने कहा कि उनका इस्तीफा भेजने का कोई इरादा नहीं था और यह पूरी तरह से उनकी बिल्ली की गलती थी। हालांकि, उनके बॉस ने यह दावा न मानते हुए इस्तीफा स्वीकार कर लिया और महिला को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। इसके साथ ही महिला को साल के अंत में मिलने वाला बोनस भी गंवाना पड़ा। नौकरी गंवाने के बाद महिला ने अपनी अजीब सी घटना सोशल मीडिया पर शेयर की, जो तेजी से वायरल हो गई। कई लोगों ने इस पर मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं, एक यूजर ने तो यह तक कहा कि आपकी बिल्ली ने शायद आपके बॉस का भला किया है, उन्हें बोनस का खर्च बचा लिया। यह घटना अब इंटरनेट पर एक हंसी मजाक का विषय बन चुकी है, और कई लोग इसे पालतू जानवरों की शरारतों का हिस्सा मानते हुए हल्का-फुल्का मजाक बना रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब पालतू जानवरों ने अनजाने में अपने मालिकों के लिए मुश्किलें खड़ी की हों। इससे पहले अमेरिका में एक कुत्ते ने गलती से 911 नंबर डायल कर दिया था, जिससे पुलिस बिना सूचना के मालिक के घर पहुंच गई। इसी तरह, ब्रिटेन में एक तोते ने अलार्म की आवाज की नकल की, जिससे दमकल विभाग को बुलाना पड़ा, लेकिन बाद में पता चला कि वह आवाज असल में तोते की थी।

## सिर्फ एक गोली की जरूरत है' अमेरिकी राष्ट्रपति को मिली जान से मारने की धमकी

न्यूयॉर्क(ए)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जानलेवा धमकी देने वाले व्यक्ति, फ्लोरिडा के शैनन एटकिंस को गिरफ्तार किया गया है। एटकिंस पर ट्रंप के खिलाफ सोशल मीडिया पर धमकी भरे पोस्ट करने का आरोप है।

एटकिंस के फेसबुक अपडेट में ट्रंप के शपथग्रहण से एक दिन पहले लिखा था, अमेरिका को बचाने के लिए सिर्फ एक गोली चलाने की जरूरत है। इस पोस्ट को देखते हुए पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने का निर्णय लिया। शुक्रवार की रात को पाम बीच के पास एटकिंस को पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के समय उनके पास से तीन बैग कोकीन भी बरामद हुए।यह गिरफ्तारी FBI की ओर से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। यह मामला खासतौर पर FBI और सीक्रेट सर्विस के लिए संवेदनशील है, क्योंकि पिछले साल भी ट्रंप के खिलाफ दो बार हत्या की कोशिश की जा चुकी है। हालांकि, ये सभी प्रयास असफल रहे हैं। इन घटनाओं के चलते FBI और सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप की सुरक्षा को लेकर उच्च अलर्ट पर कर दिया है।

शैनन एटकिंस ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्टों को लेकर विवादित होने पर दावा किया कि वह मजाक कर रहे थे। लेकिन वेस्ट पाम बीच के पुलिस प्रमुख टोनी अराउजो ने इसका खंडन किया और कहा, यह कोई मजाक नहीं है। आज के माहौल में ऐसी बातें कहना खतरनाक हो सकता है।

## उत्तर कोरिया का क्रूज मिसाइल परीक्षण, ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद प्योंगयांग का बड़ा कदम

सोल (ए)। उत्तर कोरिया ने समुद्र से सतह पर मार करने वाली रणनीतिक क्रूज गाइडेड मिसाइलों का परीक्षण किया। देश की सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। मिसाइल लॉन्च की निगरानी खुद किम जोंग-उन ने की। पिछले सप्ताह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर पदभार संभालने के बाद यह पहला मिसाइल लॉन्च है। ट्रंप ने किम जोंग उन ने से मिलने की इच्छा जताई है और उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति बताया।उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रशासन ने संभावित दुश्मनों के खिलाफ राष्ट्रीय रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की योजना के हिस्से के रूप में परीक्षण किया। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइलों ने लक्ष्यों को सटीक रूप से भेद दिया और इस लॉन्च से पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा।

## संघर्ष विराम के बीच मिस्र ने गाजा में राहत सामग्री से भरे 310 ट्रक भेजे

काहिरा (काहिरा)। इजरायल-हमास युद्धविराम पर मिस्र, कतर और अमेरिका ने मध्यस्थता की। इसके बाद, मिस्र ने गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री से भरे 310 ट्रक राफा सीमा के पार भेजे। यह जानकारी मिस्र की राज्य सूचना सेवा (एसआईएस) ने दी है।

एसआईएस की रिपोर्ट में कहा गया, काफिले में 20 ट्रक ईंधन से भरे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इन ट्रकों को गाजा भेजने से पहले इजरायल द्वारा जांच की जाएगी। यह जांच अल-औजा (नित्ज़ाना) और केरेम शालोम क्रॉसिंग से होगी।

संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, 19 जनवरी को युद्धविराम शुरू हुआ। इसके पहले छह दिनों में 4,200 से अधिक सहायता ट्रक गाजा पहुंचे।

इससे पहले मिस्र के एक सुरक्षा अधिकारी और मिस्र रेड क्रिसेंट के एक अन्य अधिकारी ने सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि मिस्र ने सहायता ट्रकों के साथ फिलिस्तीनी शहरों की ओर जाने वाली सड़कों को ठीक करने के लिए भारी मशीनें भेजी हैं। इसके अलावा, गाजा से घायल फिलिस्तीनी लोगों को लाने की व्यवस्था भी की गई है।

युद्धविराम समझौता लागू होने के कुछ घंटों बाद राहत सामग्री से भरे ट्रकों की लंबी कतार राफा क्रॉसिंग की ओर बढ़ी। इस दौरान क्रॉसिंग पर कड़ी सुरक्षा थी।

## बांग्लादेश में जनरल फैज-उर रहमान कर सकते हैं सेना में तख्तापलट, बना रहे प्लान

ढाका,(ए)। बांग्लादेश में बीते साल 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद पीएम शेख हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। हिंसा के बीच वह विमान से भारत चली गई थीं। उसके बाद से ही बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सरकार सत्ता में है। इस बीच खबर आ रही है कि बांग्लादेशी कट्टरपंथी अब सेना पर भी अपनी पकड़ मजबूत करने की फिराक में हैं। लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद फैज-उर रहमान की लीडरशिप में ऐसा हो सकता



है। बांग्लादेश की सेना में वह फिलहाल क्वार्टर मास्टर जनरल हैं और कट्टर इस्लामिक विचारधारा वाले माने जाते हैं। जानकारी के मुताबिक मौजूदा आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमां को उनके पद से हटा सकते हैं।

पिछले सप्ताह जब आईएसआई के चीफ ढाका आए तो उनसे मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फैज-उर-रहमान ने ही किया था। कहा तो यहां तक जा रहा है कि आईएसआई की शह पर बांग्लादेश की सेना को ढालने की कोशिश की जा रही है। खासतौर पर बांग्लादेश की सेना से भारत की छाप को हटाने का प्रयास है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फैज-उर-रहमान की कोशिश है कि सेना के भीतर ही इतना समर्थन जुटा लिया जाए कि वकार को हटना पड़े। इसके लिए बांग्लादेश की खुफिया एजेंसी डीजीएफआई का भी साथ लेने की कोशिश की जा रही है।

वकार-उज-जमां को मध्यमार्गी विचारधारा वाला सैन्य लीडर माना जाता है। वह भारत के समर्थक हैं और सीमा पर भारत के साथ शांति और सहयोग बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका रही है। देश पर इस्लामिक ताकतों के कब्जे के बाद भी वह अब तक सेना को कट्टरपंथी ताकतों से बचाए रखने में सफल हैं। वकार-उज-जमां की ही देन है कि शेख हसीना को सैन्य विमान के जरिए सुरक्षित भारत आने दिया गया। यदि शेख हसीना को ऐसी सुविधा समय पर नही मिलती तो आज वह जेल में होतीं या फिर हिंसक प्रदर्शनों की आड़ में उनके साथ कोई दुर्घटना भी हो सकती थी। जानकारी यह भी मिली है कि आईएसआई के कुछ अधिकारी जब ढाका पहुंचे तो वे भारत से लगी सीमा को भी देखने पहुंचे। इसे भारत की सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक माना जा रहा है।

# मुझे लगता है कि हम ग्रीनलैंड को हासिल कर लेंगे - डोनाल्ड ट्रंप



वाशिंगटन ( आएनएस)। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेनमार्क के नियंत्रण वाले स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अपनी विवादित ख्वाहिश फिर से दोहराई है। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा, मुझे लगता है कि हम इसे हासिल करने जा रहे हैं।

अमेरिकी राष्टपति के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी दावा किया कि आर्कटिक द्वीप के 57,000 निवासी अमेरिका में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूएस प्रेसिडेंट ने कहा, मुझे विश्वास है कि ग्रीनलैंड, हमें मिल जाएगा, यह वास्तव में दुनिया की स्वतंत्रता से जुड़ा मुद्दा है। इसका संयुक्त राज्य अमेरिका से कोई लेना-देना नहीं है, सिवाय इसके कि हम ही स्वतंत्रता प्रदान कर सकते हैं।

ट्रंप की टिप्पणी डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन के साथ एक फोन कॉल बातचीत के बाद आई।

बातचीत के दौरान, ट्रंप ने कथित तौर पर डेनमार्क के निर्यात पर संभावित टैरिफ सहित आर्थिक धमकिया दीं ताकि ग्रीनलैंड का नियंत्रण छोड़ने के लिए दबाव डाला जा सके।

रिपोर्ट के मुताबिक पांच यूरोपीय अधिकारियों ने इस कॉल को आक्रामक और संभावित रूप से बहुत खतरनाक बताया। हालांकि, डेनमार्क ने ट्रंप के इस विचार को मजबूती से खारिज कर दिया। डेनमार्क के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि वह, अज्ञात स्त्रोतों द्वारा दी गई बातचीत की व्याख्या को मान्यता नहीं देता है। इस महीने की शुरुआत में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन ने डेनिश टीवी से कहा कि ग्रीनलैंड, ग्रीनलैंड के लोगों का है और केवल स्थानीय आबादी ही इसके भविष्य का निर्धारण कर सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि डेनमार्क को नाटो सहयोगी अमेरिका के साथ घनिष्ठ सहयोग की जरुरत है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेड ने भी स्पष्ट किया है कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है। हालांकि वह ग्रीनलैंड की डेनमार्क से आजादी के समर्थक हैं। ग्रीनलैंड उत्तरी अमेरिका से यूरोप तक के सबसे छोटे मार्ग पर स्थित है। यह एक बड़े अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र का घर है। इसमें दुर्लभ खनिजों के कुछ सबसे बड़े भंडार हैं, जो बैटरी और उच्च तकनीक वाले उपकरणों के निर्माण में महत्वपूर्ण हैं। ट्रंप ने पहले कह चुके हैं कि यह द्वीप चीनी और रूसी जहाजों पर नजर रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं जो आजकर हर जगह नजर आ रहे हैं।

# एक दर्जन से अधिक फैक्ट्री मालिकों को नपा ने दी चेतावनी

*बकाया राशि नहीं चुकाने पर नपा करेगी कुर्की की कार्रवाई एक फरवरी से शुरू होगी बकायादारों पर कार्रवाई*



सीहोर,(निप्र)। शहर में बड़ी संख्या में बकायादार है, वसूली के लिए नपा अब बकायादारों की संपत्ति कुर्क करेगी। पिछले सप्ताह नगरीय प्रशासन आयुक्त द्वारा ली गई बैठक में कर वसूली के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्यादा से ज्यादा बकाया वसूल करने की हिदायत दी गई है। प्रभावी कार्रवाई न होने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने को कहा गया है। इसको लेकर सोमवार को राजस्व अधिकारी संजय शुक्ला के नेतृत्व में शहर के वार्ड क्रमांक 32 में एक दर्जन से अधिक फैक्ट्री मालिकों के अलावा अन्य बकायादारों को चेतवानी दी गई है। नगर पालिका राजस्व वसुली को लेकर संपत्तिकर 20000 से ज्यादा बकाया की कुर्की की कार्यवाही एव जलकर एक साल से ज्यादा बकाया होने पर नल कनेक्शन तत्काल कट दिया जाएगा नगर पालिका यह अभियान 1 फरवरी से शहर में बकाया वसूली अभियान चलाया जाएगा

नगर में जल, संपत्ति कर (टैक्स) और दुकान किराया की बकाया राशि वसूलने नगर पालिका के तेवर सख्त हो गए हैं। नपा की तरफ से बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं तो वही छोटे बकायादारों को जल्द बकाया राशि जमा कराने चेतावनी दी जा रही है। यदि जल्द ही बकाया राशि जमा नहीं कराई तो एक फरवरी से नपा कार्रवाई शुरू करेगी। इसमें बड़े बकायादारों पर कुर्की और दुकानों में ताले जड़े जाएंगे।

वहीं नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित का कहना है कि शहर में सुविधा देने के एवज में नगर पालिका जनता से निर्धारित टैक्स वसूलती है। टैक्स की बकाया राशि कुछ साल पहले तक हजारों में हुआ करती थी। जिसके समय पर जमा नहीं होने से लाख पार कर करोड़ में पहुंच गई है। नपा अधिकारियों की माने तो वर्तमान में संपत्ति,जलकर, दुकान किराया को मिलाकर करीब करोड़ों रुपए का बकाया है। जिसे वसूलने नपा की तरफ से हर प्रयास किए, लेकिन ज्यादा कोई सफलता नहीं मिली है।

बकायादारों को नपा की तरफ से बिल जारी किए जा रहे हैं। यह बिल बकायादारों को दिए जाएंगे। बकायादारों ने निर्धारित तारीख तक राशि जमा नहीं कराई तो कार्रवाई की जाएगी। नपा अधिकारियों के अनुसार बकायादारों के सामानों की कुर्की कर राशि वसूल की जाएगी, वही दुकानों में ताले जड़े जाएंगे। बकायदरों को चेतावनी दी गई है।

नियमित जमा हो तो नहीं पड़ेगा भार

प्रत्येक व्यक्ति को टैक्स की राशि समय पर जमा कराना जरूरी है। जो टैक्स की राशि वह जमा कराते हैं, उसी से नगर पालिका सीसी रोड,नाली निर्माण, सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्य कराती है। टैक्स जमा नहीं किया तो विकास कार्य प्रभावित होंगे, जिसका खामियाजा लोगों को ही परेशानी के रूप में भुगतना पड़ेगा। इसलिए जनता को नियमित टैक्स समय पर जमा करना चाहिए। इसके दो फायदे भी होंगे। पहला ज्यादा राशि का भार नहीं बढ़ेगा, वही दूसरा नपा अधिकारी, कर्मचारियों को बकाया राशि वसूलने ज्यादा मशक्कत नहीं करना पड़ेगी।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के समापन अवसर पर हितग्राही सम्मेलन आयोजित

सीहोर,(निप्र)।सीहोर स्थित शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के समापन अवसर पर हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में विधायक सुदेश राय ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं स्वच्छता मित्रों को किट वितरित किए। इस अवसर पर इंदौर में आयोजित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरतंर विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए प्रदेश के साथ ही जिले में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया है। इस अभियान में अनेकों हितग्राहियों को उन सभी योजनाओं का लाभ मिला है, जिनका लाभ लेने की वह पात्रता रखते हैं। उन्होंने सभी हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि हितग्राहियों को भी आगे आकर अपनी पात्रतानुसार शासन की योजनओं का लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिव्यॉंग बच्चों के साथ वसुंधरा विशेष विद्यालय में सीहोर के समाजसेवियों द्वारा किया गया झंडा वंदन



सीहोर,(निप्र)। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के शुभ अवसर पर दिव्यॉंगजनों के हित में कार्य करने वाली समाजसेवी संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर में समाजसेवी माननीय बाबू भाई मिस्त्री जी, संस्था संयोजक समाजसेवी माननीय मधुर विजयवर्गीय जी, समाजसेवी माननीय भारत गुप्ता जी, डॉ. गौरव जी ताम्रकार ने दिव्यॉंग बच्चों के साथ ध्वजारोहण किया।तत्पश्चात् माँ सरस्वती जी पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यॉंग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर किया गया। सभी अतिथियों द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति की सराहना की । इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी हरीओम शर्मा, रिसीराज शर्मा, डॉ. महेश शर्मा, राधेश्याम मकवाना, लोकेश राठी, संस्था अध्यक्ष अर्जुन सिंह, अंजना राठौर, संतोष सूर्यवंशी, ज्योति मालवी, भाविका कुशवाहा,अलका सोलंकी, महेशान उमरे, ओजस नेमा,रानी,अंजली तिवारी, रीतिक तिवारी, रानी रैकवार, दीपिका कुशवाह व दिव्यॉंग विद्यार्थीयों की उपस्थिति रही। हरिओम शर्मा दाऊ ने आभार व्यक्त किया।

## उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ विकासखंड स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन

*सीहोर,(निप्र)। समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा विकासखंड स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से ओमप्रकाश मेवाडा जिला समन्वयक तथा शासकीय चिकित्सालय से मेडिकल बोर्ड की टीम जिसमें डॉ.आर.के वर्मा डॉ.उमेश श्रीवास्तव डॉ.सुधीर श्रीवास्तव डॉ. हरिओम गुप्ता डॉ.पल्लवी सोलंकी उपस्थित रही इन सभी चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा विभिन्न विद्यालय से आये हुये दिव्यांग विद्यार्थी जिनमें मानसिक मंदता 07 दृष्टिबाधित 04 अस्थिबाधित 12 श्रवणबाधित 02 और थैलेसीमिया 01 इस प्रकार कुल 26 विद्यार्थियों का परीक्षण एवं दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनाए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य सुनीता जैन कार्यक्रम का संचालन जय किशन जोशी एवं आभार एनएसएस प्रोगाम ऑफीसर देवेंद्र कुमार राय द्वारा किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक स्वतन्त्र पाठक, जितेन्द्र शर्मा, एल एन आहुजा की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा*

# गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन



सीहोर,(निप्र)। गणतंत्र दिवस की संध्या पर स्थानीय आवासीय खेल परिसर में भारत पर्व का आयोजन किया गया। भारत पर्व के तहत कलाकारों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में देश भक्ति पर आधारित विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। भारत पर्व समारोह में भोपाल से आए अशफाक अली एवं सुश्री करूणा चौहान के दल ने देश भक्ति के विभिन्न गीत प्रस्तुत करते हुए समा बांध दिया। विदिशा से पधारे प्रभुलाल केवट के दल द्वारा ढिमरयाई लोक नृत्य की प्रस्तुति से पूरे सभागृह का वातावरण खुशनुमा हो गया। इसी प्रकार सीहोर की कथक कला केंद्र की बालिकाओं ने मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने सभी कलाकारों एवं आनंद उत्सव के तहत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## परामर्शदाताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

सीहोर, (निप्र)जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत सीहोर स्थित नारी शक्ति आजीविका सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र में परामर्शदाताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन की अभिनव पहल है, जिसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को शिक्षा के साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कौशल भी मिलता है। छात्र प्रशिक्षित होकर शासन एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ वालंटियर के रूप मे अपनी सहभागिता देकर प्रदेश के विकास में अपना मूल्यवान सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम एवं सतत विकास लक्ष्य, अवधारणा, उद्देश्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध प्रावधान, इंटर्नशिप एवं अन्य संबंधित आयाम रोलप्ले के माध्यम, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम संचालन की मूल गतिविधियां एवं परामर्शदाता की भूमिका, वैकल्पिक एवं व्यावसायिक विषयों का चयन, मॉड्यूल्स, सामाजिक प्रयोगशाला के रूप में ग्राम का चयन, संपर्क कक्षा, प्रदत्त कार्य, प्रोजेक्ट एवं इंटर्नशिप, आंतरिक एवं बाह्य परीक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, जिला समन्वयक श्रीमती पारुल उपाध्याय, श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह सेंगर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनकल्याण अभियान में लक्ष्मीबाई को मिला आवास योजना का स्वीकृति आदेश

सीहोर, (निप्र) प्रदेश सरकार द्वारा सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रदेश के साथ ही जिले में अनेक स्थानों पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सभी नागरिकों को पात्रतानुसार शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण किया। यह अभियान आमजनों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं से जोड़ने में वरदान साबित हुआ है। सीहोर जिले के ग्राम थूनाकला निवासी श्रीमती लक्ष्मी बाई भी उन हितग्राहियों में एक हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का स्वीकृति आदेश मिला। श्रीमती लक्ष्मी बाई कहतीं हैं, कि मैं बहुत समय से आवास योजना का लाभ लेने के लिए परेशान हो रही थी, पर पात्रता होने के बावजूद भी मेरा आवास स्वीकृत नहीं हो पा रहा था। हमारे गांव में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। मैने अपनी समस्या शिविर में आए हुए अधिकारियों को बताई। उन्होंने मेरे प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए उस पर त्वरित कार्यवाही की।



## जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सिंह ने झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली**

*सीहोर,(निप्र)* जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रवीण सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने खुली सुसज्जित जिप्सी में सवार होकर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुक्त आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ गए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी परेड कमांडरो से परिचय प्राप्त किया।

समारोह में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा लोकतंत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मध्यप्रदेश गान का गायन हुआ। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम के अंत में परेड, झॉंकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# नही लगाने दिया दोराहा तहसीलदार ने टेंट और माइक खेड़ापति के लिए पेड़ के नीचे हड़ताल पर बैठे ग्रामीण



*सीहोर,(निप्र)।* सोमवार को दोराहा में अश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने की तैयारी कर रहे ग्रामीणों का टेंट और माइक पुलिस के जवानों के साथ पहुचे नायब तहसीलदार अर्पित मेहता और टीआई राजेश सिन्हा ने नही लगने दिया। प्रशासन की सख्ती के बाद भी ग्रामीणों ने प्रदर्शन बंद नहीं किया। तहसील कार्यालय के सामने पेड़ के नीचे चबुतरे पर खेड़ापति हनुमान जी की प्रतिमा के लिए अश्चितकालीन भूख हड़ताल पर ग्रामीण बैठ गए।उल्लेखनीय है की बीते दिनों ग्राम इमलिया हसन के मुस्लिमों और बरखेड़ा चौकी में रहने वाले हिन्दू अनुसुचित जाति के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सामाजिक सौहार्द के लिए इमलिया हसन के विवादित स्थल से खेड़ापति हनुमान जी की प्रतिमा को बरखेड़ा चौकी के स्थानांतरित किए जाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया था। ग्रामीणों ने मांग पर पूरी नहीं होने पर दोराहा में 26 जनवरी के बाद अश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी भी प्रशासन को दी थी। ग्रामीणों का कहना था की वर्षो पहले हमारे पूर्वज ग्राम इमलिया हसन छोड़कर परिवार के साथ बरखेड़ा देवा चौकी में रहने लगे थे जबकी आराध्य देव खेड़ापति हनुमान जी का मंदिर इमलिया हसन में ही मौजूद रहा यह से बरखेड़ा चौकी से इमलिया पहुंचकर ग्रामीण हनुमानजी की पूजा अर्चना करते रहे। बीते दिनों किसी हिन्दू संगठन के द्वारा इमलिया हसन में हनुमानजी की प्रतिमा क्षितग्रस्त किए जाने का आरोप भी लगाया गया था। हालाकी इस प्रकार की घटना यह हुई नही थी। विवादों से बचने के लिए इमलिया हसन के मुस्लिम समाजजन भी हिन्दुओं के आराध्य देव हनुमानजी महाराज के मंदिर निर्माण में सहर्ष सहयोग करने की इच्छा रखते है और हिन्दू समाज के लोग भी चौकी में हनुमानजी का मंदिर निर्माण कर खेड़ापति की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराने के पक्ष में है इस संबंध में ही ज्ञापन दिया गया था लेकिन प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों के द्वारा सोमवार से दोराहा तहसील कार्यालय के सामने टेंट लगाकर भूख हड़ताल शुरू की जा रही थी लेकिन तहासीलदार और थाना प्रभारी ने टेंट नहीं लगाने दिया और मइक भी नहीं बजाने दिया जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश बना रहा है।

## आल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता के लिए खेलो इंडिया टीम रवाना

**खेलों से शारीरिक और क्रियात्मक विकास होता है-जितेन्द्र तिवारी**

सीहोर। खेलों से शारीरिक और क्रियात्मक विकास होता है, जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है। खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उनसे हमारे भीतर अनुशासन एवं परिश्रम जैसे गुण और सामाजिकता एवं देश प्रेम का भाव उत्पन्न होता है। उनमें होने वाली हार और जीत जीवन में सफलता एवं असफलता के समय संतुलन बनाने की प्रेरणा देती हैं। खेलकूद से संयम, दृढ़ता, गंभीरता और सहयोग की भावना का भी विकास होता है। उक्त विचार शहर के चर्च मैदान पर जारी तीन दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने कहे। इस मौके पर उन्होंने मध्यप्रदेश के महु में होने वाली आल इंडिया वुमंस फुटबाल प्रतियोगिता में खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर की एक दर्जन से अधिक बालिकाओं को अपनी ओर से कीट और अन्य सामग्री उपलब्ध कराते हुए कहाकि आपको किसी प्रकार की कमी नहीं आएगी।



जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि शहर के चर्च मैदान पर महु में होने वाली आल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता के लिए एक दर्जन से अधिक बालिकाओं का चयन किया गया था। जहां पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। अब 28 जनवरी से 10 फरवरी तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## उत्कृष्ट झांकियों में जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य, कृषि एवं स्कूल शिक्षा विभाग पुरस्कृत

*सीहोर,(निप्र) गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय गणंतंत्र दिवस समारोह सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित झांकिया प्रस्तुत की गईं। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सिंह ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली झांकियों को पुरस्कृत किया। जनजातीय कार्य विभाग को प्रथ ?म, स्वास्थ्य विभाग की निक्षय शिविर अभियान की थीम पर आधारित झांकी एवं कृषि विभाग की झाँकी को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार स्कूल शिक्षा विभाग की झाँकी को प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की विभागीय झांकी का निर्माण सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशानुसार डॉ अनीषा दीपिका आईजक द्वारा निक्षय शिविर अभियान की थीम पर किया गया।*

## विकासखंड स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर आयोजित

*सीहोर,(निप्र) समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा मूल्यांकन शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा 26 दिव्यांग विद्यार्थियों को मूल्यांकन किया गया एवं दिव्यांगता प्रमाण बनाए गए। इस अवसर पर, डॉ आरके वर्मा, श्री ओमप्रकाश मेवाडा, डॉ उमेश श्रीवास्तव, डॉ सुधीर श्रीवास्तव, डॉ हरिओम गुप्ता, डॉ पल्लवी सोलंकी, प्रचार्य श्रीमती सुनीता जैन सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।*

## भैरूंदा पुलिस द्वारा मोटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार*

*आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी के अपराध पंजीबद्ध, आरोपी करण उर्फ चीकू के विरुद्ध स्थाई वारंट भी थे जारी*




भैरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। फरियादी रविशंकर यदुवंशी पिता रामविलास यदुवंशी निवासी छिदगांव मौजी ने रिपोर्ट कि है कि दिनांक 25 /01 /25 को मैं अपने खेत पर था दिन भर खेती का काम कर रात 10:00 बजे अपने खेत से अपने घर छिदगांव मोजी आ गया था सुबह लगभग 7:00 बजे जब खेत पर जाकर देखा तो मेरी कुएं में लगी पानी की मोटर (जलधारा) नहीं मिली तब मैं कुएं के आसपास देखा व आसपास के लोगों से पता किया कोई पता नहीं चला मेरे कुएं में लगी मोटर 5 एचपी की हरे रंग की थी कीमत लगभग 20000 रूपये होगी कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया हैं फरियादी की रिपोर्ट पर थाने पर अपराध क्र.48/25 धारा 303(2) बी.एन.एस का कामय किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा क्षैत्र में बढती चौरी के खिलाफ कठोर कार्य्वाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशो के पालन में अति.पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरूंदा घनश्याम दांगी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थी। गठित पुलिस टीम को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि छिदगांव मोजी के खेत में हुई मोटर चोर ग्राम बसन्तपुर के है पुलिस ग्राम बसन्तपुर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पंहुची जहां मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के संदेही दिखे जिन्हे स्टॉफ द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा जिनके नाम पता पूछे जिन्होंने करन बारेला उर्फ चीकू पिता बद्रीप्रसाद बारेला, वहीं दूसरे का नाम अतर सिंह बारेला पिता दिलिप सिंह बारेला नि.19 बसन्तपुर बताया जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ की गई जिन्होंने चोरी करना स्वीकार किया एवं उनकी निशादेही पर चोरी की गई मोटर (जलधारा) व चोरी में उपयोग की गई मोटरसायकिल जप्त की गई।

**Govt. Excellence H.S. School, No. 1 Sehore**
**(an Historical Monument- Established- 1848)**
**Ex. Shaharyar High School - The First School In Madhya Pradesh**
Tele Fax- 07562-404150
Email-excellno 1 sehore@gmail.com
http://excellencesehore.blogspot.in

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल की हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी परीक्षा 2024 की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं एवं अन्य प्रपत्र की लगभग 10 टन रद्दी कटिंग करने के उपरान्त विक्रय की जाना है। इस हेतु निविदायें पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते आवेदन पत्र के साथ संलग्न है। आवेदन पत्र नगद 200/- रू. (दो सौ मात्र) का भुगतान कर संस्था से कार्यालयीन समय में दिनांक 06/02/2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुऐ टेण्डर फार्म रू. 25,000/- (रू. पच्चीस हजार मात्र) की धरोहर राशि के साथ दिनांक 06/02/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक जमा किये जावेंगे। निविदा दिनांक 06/02/2025 को अपरान्ह 05:00 बजे प्राचार्य कक्ष में खोली जावेंगी।

जी/22247/24

**प्राचार्य**
**शास0 उत्कृष्ट उ0मा0वि0 क्र0-1**
**सीहोर ( म.प्र. )**
**दूरभाष क्र- 07562-299377**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com